दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 17 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 147 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# आतंकवाद पर फंड का इस्तेमाल करेगा पाकिस्तान

## राजनाथ सिंह ने कहा : फिर से विचार करे आईएमएफ



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुजरात के भुज एअरबेस पहुंचे। यहां पर उन्होंने जवानों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने राष्ट्र को भी संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के जवानों की सराहना की।

अपने संबोधन के दौरान रक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दिए जाने वाले पैसे पर फिर से विचार करने की अपील की।

### भारत की युद्ध नीति और तकनीक बदल गई है: राजनाथ सिंह

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे आपने नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया। बाद में की गई कार्रवाई में उनके कई हवाई ठिकाने नष्ट कर दिए गए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने न केवल अपनी ताकत दिखाई, बल्कि दुनिया को यह भी साबित कर दिया कि अब भारत की युद्ध नीति और तकनीक बदल गई है।

उन्होंने इस दौरान कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ से मिले पैसों को अपने देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर खर्च करेगा।

### राजनाथ सिंह ने की जवानों की सराहना

जवानों की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने जो पराक्रम दिखाया, उसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। आज भारत को वैश्विक मंच पर, जो सम्मान मिल रहा है, उसकी बुनियाद में आपका यही पराक्रम है। यही कारण है कि भारत का बच्चा-बच्चा आपको, अपना मानता है।

आगे उन्होंने कहा कि आपने पूरे देश को यकीन दिलाया कि नया भारत अब सहन नहीं करता, बल्कि वह पलटकर जवाब देता है। मैं चाहे जितना कुछ भी बोलूं, लेकिन मेरे शब्द आपके कार्यों को मापने में असमर्थ होंगे।

### पाकिस्तान को आईएमएफ ने दिया है भारी कर्ज

जानकारी दें कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का लोन मंजूर किया है। भुज एअरफोर्स स्टेशन पर जवानो को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरा मानना है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से प्राप्त धन का बड़ा हिस्सा अपने देश में आतंकवादी ढांचे पर खर्च करेगा, भारत चाहता है कि आईएमएफ पाकिस्तान को दिए जाने वाले धन पर पुनर्विचार करे।

# पार्षद दे रहे हैं डालकर बढ़े हुए हाउस टैक्स के उदाहरण

## कम नहीं हो रहा है हाउस टैक्स को लेकर मच रहा बवाल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के सदन में हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर भले मामला शांत हो गया था लेकिन अब पूर्व और वर्तमान पार्षदों के प्लेटफार्म पर शांत नहीं हो रहा है। पूर्व पार्षदों द्वारा जहां इस मामले को लेकर लगातार मोर्चा खोला हुआ है। तो वहीं अब वर्तमान पार्षद भी बढ़े हुए हाउस टैक्स और लोगों के बिल अधिक आने को लेकर परेशान हो गए हैं। उनका दर्द और जनता की यह समस्या अब सार्वजनिक हो रही है। वह अपने पार्षदों के ग्रुप और अन्य प्लेटफार्म पर भी बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। तो वहीं नदिया पार के एक निगम के पूर्व पार्षद और एक वर्तमान पार्षद इस विषय को लेकर गंभीरता दिखा रहे हैं। उनका कहना है कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स आम जनता पर अतिरिक्त बोझ है और यह उनके ऊपर अतिरिक्त भार भी है।

### पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने उठाई आवाज, कहा 3 गुना बढ़ गया है हाउस टैक्स



करंट क्राइम : नगर निगम के पूर्व पार्षद और वर्तमान में पार्षद पति मनोज गोयल ने जिले में गृहकर को तीन गुना बढ़ाने और लोगों के पास बढ़े हुए बिल भेजे जाने के मामले का विरोध करते हुए आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद नगर निगम हाउस टैक्स बढ़ाकर क्षेत्र की जनता का अहित कर रहा है। ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तमाम आपत्तियों के बावजूद नगर निगम ने गृहकर बढ़ाकर लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

### पार्षद अनिल तोमर ने कहा निगम आय बढ़ाने पर दे रहा है ध्यान, जनता से नहीं सरोकार



करंट क्राइम : इंदरिपुरम से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा है कि हम भी चाहते हैं कि निगम की आए बढ़े लेकिन यह भी ना हो की जनता पर अनैतिक तरीके से भारी बोझ डाल दिया जाए, क्योंकि महंगाई भी अपने चरम पर है। इससे जनता पर अतिरिक्त भार बढ़ रहा है। इसीलिए इस प्रकार से गृह कर बढ़ाया जाना उचित नहीं है। वर्तमान में जो बिल आ रहे हैं उसमें तीन गुना बढ़ा हुआ बिल कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एक-एक व्यक्ति के भवन पर गृहकर अधिक बोझ बन रहा है जो ठीक नहीं है।

### टेक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में निकलेगा कौशांबी में मशाल जुलूस

करंट क्राइम : पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने जानकारी दी है कि रविवार की शाम को वार्ड के लोग मसाज जुलूस हाउस टैक्स बढ़ाने के विरोध में निकालेंगे, कई लोग बढ़ा हुआ हाउस टैक्स जमा नहीं करने की भी चेतावनी दे रहे हैं।

# यूपीएससी और यूपीपीसीएस की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

## नगर आयुक्त ने कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को बनाया है पढ़ाई का नया स्थान

### कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को निगम बनाएगा हाईटेक, किताबों का रखरखाव होगा डिजिटली



**- कंप्यूटर लैब में रखे जाएंगे 10 कंप्यूटर और इंटरनेट की मिलेगी सुविधा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक आईएएस अधिकारी हैं और यह उनकी कार्यशैली और सोच में भी नजर आता है। नगर निगम के नगर आयुक्त द्वारा कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को निगम हाईटेक रूप में डेवलप करेगा। इसके लिए विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को यहां का जायजा लिया है। साथ ही कंपनी बाग लाइब्रेरी में किताबों को रखरखाव के लिए डिजिटल रूप प्रदान किया जाएगा। यहां कंप्यूटर से लाइब्रेरी को लैस किया जाएगा और इंटरनेट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

उनका सपना है कि यहां विद्यार्थियों और निम्न आय वर्ग वाले छात्रों को पढ़ाई के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ माहौल मिले। इसके साथ ही जो विद्यार्थी यूपीएससी और यूपीपीसीएस की तैयारी करने के लिए गाजियाबाद और आसपास के जनपदों और प्रदेश में जाते थे, उनको वहां न जाना पड़े और गाजियाबाद में नगर निगम की छत के नीचे उनको यह सुविधा मिल सके। इसकी लिए उनके द्वारा नई पहल शुरु की गई है।

### डिजिटल बनेगी लाइब्रेरी, कंप्यूटर से लैस होंगे कक्ष

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश द्वारा कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया है। इसके साथ ही इसके निर्माण और सुधार कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले दिनों में जब यह निर्मित हो जाएगी, तो महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हाईटेक लाइब्रेरी का उद्घाटन शुभारंभ किया जाएगा। दरअसल नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को आधुनिक रूप से डेवलप किया जा रहा है। लाइब्रेरी में एक समय में 40 से 50 विद्यार्थी एक साथ बैठ सकेंगे। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से किताबें पढ़ने के लिए स्थान की व्यवस्था की जाएगी। यहां महिलाएं, दिव्यांगजन और पुरुष भी अलग-अलग प्रमुख पुस्तकों को पढ़ पाएंगे। लाइब्रेरी को बारकोड से जोड़ा जाएगा और लाइब्रेरी डिजिटल होगी। साथ ही कंप्यूटर लैब भी बनाई जाएगी और इसे इंटरनेट से लैस किया जाएगा। इस काम को सीएसआर एक्टिविटी के तहत किया जा रहा है, जिसमें नगर निगम का सहयोग नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शिवम गोयल सहयोग कर रहे हैं।

### सैकड़ो छात्रों और पढ़ने वालों को मिलेगी फुल्ली एसी लाइब्रेरी का लाभ

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि नगर निगम के सहयोग और एक संस्था द्वारा इसको निर्माण करने का मकसद है कि लाइब्रेरी में पढ़ने लायक माहौल बनाया जाए ताकि शहर के ऐसे विद्यार्थी जो शिक्षा लेने के लिए बाहर जाते थे या उनको अधिक फीस चुकानी पड़ती थी, उनको यहां बेहतर माहौल मिल सके। साथ ही यहां आने वाले छात्रों को मोटिवेट किया जाएगा कि वह यूपीएससी और यूपीपीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर न जाए, उनको यहीं पर स्टडी मैटेरियल और अन्य पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि उनका भविष्य संवारा जा सके।

# क्या है महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से विधायक अजीतपाल त्यागी की मुलाकात का पैगाम

## दोनों के चेहरों पर किस बात को लेकर खिली है मुस्कान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में संदेश दिये जाते हैं और संदेश मुलाकातों के भी होते हैं और संदेश बातों के भी होते हैं। संदेश पास के भी हो सकते हैं, दूर के भी हो सकते हैं। संदेश खिलखिलाहट के भी होते हैं, संदेश मुस्कान के भी होते हैं। एक मुलाकात और मुलाकात की मुस्कान का संदेश क्या है, ये भाजपा में चर्चा है।


मुलाकात मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की हुई। दोनों के बीच कुछ तो ऐसी बात हुई जो एक मुस्कान वाली तस्वीर सामने आई। दरअसल जब मयंक गोयल ने भाजपा महानगर अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी तो यहां महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने स्वागत समारोह में सभी का आभार व्यक्त किया था, लेकिन जब विधायक अजीतपाल त्यागी की बारी आई तो यहां अंदाज-ए-अजीतपाल त्यागी मयंक की जुबानी कुछ और ही रहा था। उन्होंने कहा था कि वो ऐसे विधायक हैं कि अगर चुप रहे तो दुआ समझो और कह दिया तो काम हुआ समझो।

ये एक संदेश मयंक गोयल ने साफतौर पर दिया था कि विधायक अजीतपाल त्यागी उनके लिये खास हैं और यहां मयंक ने विधायक अजीतपाल त्यागी के लिये अपने संबोधन में जो शब्द कहे उन्हें वो लोग बखूबी समझ सकते हैं जो राजनीति के गणित को समझते हैं। ये संदेश था कि अजीतपाल त्यागी खास हैं और इसके बाद फिर इस तारीफ के भी साइड इफैक्ट सामने आए हैं। मयंक गोयल ने जब बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया तो बताया जाता है कि यहां मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने उन्हें भीड़ वाला सहयोग भी किया है।

मयंक गोयल हर चुनाव में दावेदार भी रहे हैं और किस सीट से रहे हैं यह सभी जानते हैं। संबंधों में क्या मिठास चल रही है ये इसका मुलाहिजा तब हुआ जब विधायक अजीतपाल त्यागी भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के घर पहुंचे। मुलाकात की तस्वीरें आईं। तस्वीर में यूं तो कई चेहरे हैं, लेकिन खास चेहरों पर खिली खास मुस्कान एक पैगाम लिये हुए है। दल वाले मिले हैं और दिल खिले हैं। बताया जाता है कि यहां भी प्रशंसा के तीर चले हैं।

विधायक अजीतपाल त्यागी ने मयंक गोयल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों की प्रशंसा की। बताया जाता है कि यहां चाय-समोसे पर जो बात हुई वो ये थी कि विधायक ने कहा कि महानगर अध्यक्ष को संगठन चलाने के लिये फ्री हैंड दिया जाना चाहिए और महानगर अध्यक्ष ने भी विधायक के लिये उनके विधानसभा क्षेत्र में फ्री हैंड दिये जाने की बात कही। इस तरह से फ्री हैंड वाली बात से मुलाकात की इस स्टोरी का एंड हुआ और ये तय हो गया कि मुस्कान में ट्यूनिंग है और मुस्कान में एक पैगाम छिपा है।

# सच में कितना घृणित विचार है जब हम राष्ट्र गौरव में भी जातियां ढूंढ लेते हैं : बालेश्वर त्यागी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जब लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की परीक्षा के परिणाम घोषित हुए तो विभिन्न जातियों के संगठन सक्रिय हो गए। प्रतिदिन किसी न किसी जाति का संगठन अपनी जाति के चयनित अभ्यर्थी का अभिनंदन करने लगा। सोशल मीडिया पर ऐसे संदेशों की बाढ़ सी आ गई। आजकल छात्रों के परीक्षा परिणाम आए हैं, उनमें भी जातियों के संगठनों द्वारा अपनी ही जाति के बालक बालिकाओं को बधाई दी जा रही है। क्या प्रतिभा राष्ट्रीय गौरव का विषय नहीं है? क्या उस व्यक्ति पर गौरव करने का अधिकार उस व्यक्ति को नहीं है जो उसकी जाति का नहीं है? ये बहुत बड़ी सामाजिक विकृति है। यह विकृति ही हमारे एकता के सूत्रों को कमजोर करके देश की एकता और अखंडता को खतरा बन रही है। जाति इस देश की वास्तविकता हो सकती है लेकिन ये बुराई भी है। समाज में इन बुराइयों को समाप्त करने के अनेक अवसरों पर प्रयास हुए हैं।

क्या किसी जिले का कलेक्टर, किसी क्षेत्र का एसडीएम, किसी तहसील का तहसीलदार, किसी एक जाति का प्रतिनिधि है? क्या उसे अपने प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में जातियां देखकर निर्णय करने चाहिए? क्या जब लोगों को लाभ देने के लिए कोई सूची बनाई जानी है तो क्या उसे जातीय पक्षपात से बनाई जानी चाहिए? हम कैसे समाज की कल्पना को लेकर काम कर रहे हैं? क्या न्याय भी कोई चीज है या नही? निष्पक्षता भी होनी चाहिए या नहीं? जब हम स्वयं याचिकाकर्ता हों और कोई न्यायाधीश हमें इसलिए न्याय से वंचित कर दें, क्योंकि हम उस जाति से नहीं हैं जो उसकी जाति की है, तब हमें कैसा लगेगा? इसकी कल्पना ही बेचैन करने वाली है।

> आजकल छात्रों के परीक्षा परिणाम आए हैं, उनमें भी जातियों के संगठनों द्वारा अपनी ही जाति के बालक बालिकाओं को बधाई दी जा रही है। क्या प्रतिभा राष्ट्रीय गौरव का विषय नहीं है? क्या उस व्यक्ति पर गौरव करने का अधिकार उस व्यक्ति को नहीं है जो उसकी जाति का नहीं है?

> क्या किसी जिले का कलेक्टर, किसी क्षेत्र का एसडीएम, किसी तहसील का तहसीलदार, किसी एक जाति का प्रतिनिधि है? क्या उसे अपने प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में जातियां देखकर निर्णय करने चाहिए?

**बड़ा विचित्र लगता है जब लोग गांधी जी में बनिया, चन्द्र शेखर आजाद में ब्राह्मण, सुभाषचंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद में कायस्थ देखते हैं। आखिर पतन की भी कोई अंतिम सीमा होनी चाहिए। राजनेता इस देश को कितने टुकड़ों में बांटकर देखने की दृष्टि देते रहेंगे।**

इस विकृत मानसिकता की हद तो तब हो गई जब मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री में प्रेस ब्रीफिंग के लिए आई भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी में मुसलमान दिखी। इतना ही नहीं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने भी विंग कमांडर व्योमा सिंह में हरियाणा की जाटव और डीजी एयर आपरेशन एयर मार्शल ए के भारती में पूर्णिया का यादव खोज लिया। जो देश के लिए गौरव हैं, देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने को उद्यत रहते हैं। अपने पुरुषार्थ और कृतित्व से विश्व में भारत की धाक जमाते हैं। देश की सीमा पर बंदूक हाथ में लेकर खड़ा जवान क्या केवल एक जाति, एक समूह, एक धर्म की रक्षा के लिए खड़ा है? सच में ये कितना घृणित विचार है जब हम राष्ट्र गौरव में भी जातियां ढूंढते हैं। बड़ा विचित्र लगता है जब लोग गांधी जी में बनिया, चन्द्र शेखर आजाद में ब्राह्मण, सुभाषचंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद में कायस्थ देखते हैं। आखिर पतन की भी कोई अंतिम सीमा होनी चाहिए। राजनेता इस देश को कितने टुकड़ों में बांटकर देखने की दृष्टि देते रहेंगे।

# दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद

## 10 दिन में 30 एमपी बताएंगे पड़ोसी की करतूत



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। पाकिस्तान के झूठ उजागर करने के लिए भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में पाकिस्तान को बेनकाब करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है।

इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं। ये सांसद 10 दिन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित देशों के विभिन्न ब्लॉकों का दौरा करेंगे।

### इन दलों के सांसद होंगे शामिल

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जेडीयू, बीजेडी, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य सांसद शामिल होंगे। एक दल के नेता ने बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों की अवधि के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है और विदेश मंत्रालय यात्रा कार्यक्रम सहित आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने के लिए उनसे संपर्क करेगा।

भाजपा से अनुराग ठाकुर और अपराजिता सारंगी और कांग्रेस से थरूर समेत ये नेता होंगे शामिल

सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी शामिल हैं। जबकि कांग्रेस के चार सांसद भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। इसमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, जेडीयू के संजय झा, बीजेडी के सस्मित पात्रा, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले, डीएमके की के कनिमोझी, सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हो सकते हैं।

### जयराम रमेश बोले- कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ

प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष से बात की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दो सर्वदलीय बैठकों की अध्यक्षता करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री संसद का विशेष सत्र बुलाने पर सहमत नहीं हुए। हमारे एकता का आह्वान करने के बावजूद प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी लगातार कांग्रेस को बदनाम कर रही है। जयराम रमेश ने कहा कि अब अचानक प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का फैसला किया है। कांग्रेस हमेशा सर्वोच्च राष्ट्रीय हित में रुख अपनाती है और भाजपा की तरह कभी भी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं करती। कांग्रेस जरूर प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होगी।

# सिंधु संधि ने छीना कश्मीरियों का जल अधिकार उमर अब्दुल्ला ने सरकार पर साधा निशाना



**श्रीनगर।** उमर अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि को जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ एक ऐतिहासिक धोखा बताया और कहा कि यह संधि उन्हें अपने जल संसाधनों का उपयोग करने का अधिकार नहीं देती। सिंधु जल संधि को लेकर एक बार फिर से सियासत गरमा गई है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने इस संधि को राज्य के लोगों के हितों के खिलाफ बताया है और कहा है कि यह एक ऐतिहासिक विश्वासघात था। उन्होंने कहा कि वह शुरू से ही इस संधि का विरोध करते आए हैं और आगे भी इसका विरोध करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि असल में दुर्भाग्य यह नहीं है कि मैं इस संधि का विरोध कर रहा हूं, बल्कि यह है कि कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता पाने और सरहद पार बैठे लोगों को खुश करने की लालसा में इस अन्याय को स्वीकार करते हैं।

इंडस जल संधि ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपने संसाधनों, खासकर पानी, से वंचित कर दिया यह अन्याय है। इस संधि ने हमें अपनी नदियों का पानी उपयोग करने से प्रतिबंधित किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस संधि का विरोध कोई युद्ध भड़काने वाली मानसिकता नहीं, बल्कि ऐतिहासिक अन्याय को सही करने की एक कोशिश है।

# धामी मंत्रिमंडल के फैसले, स्ट्रीट चिल्ड्रन पॉलिसी मंजूर, महिलाओं के लिए खास योजना



**देहरादून।** सीएम धामी की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी।उत्तराखंड में बड़े निवेशकों के लिए पोल्ट्री फार्मिंग की नीति मंजूर। पहाड़ में 40%, मैदान में 20% सब्सिडी मिलेगी। सीएम धामी की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 20 मद थे। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में ह्नऑपरेशन सिंदूरह्न की अभूतपूर्व सफलता पर भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय शौर्य और अदम्य साहस को नमन करते हुए वीर सैनिकों एवं प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में सीएम धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान भारत की सैन्य शक्ति, रणनीतिक सूझबूझ और हर परिस्थिति में राष्ट्र की रक्षा के लिए अडिग संकल्प का प्रतीक है।

### बैठक में इन प्रस्तावों पर लगी मुहर

- पशुपालन – उत्तराखंड में बड़े निवेशकों के लिए पोल्ट्री फार्मिंग की नीति मंजूर। पहाड़ में 40%, मैदान में 20% सब्सिडी मिलेगी। हरियाणा की तर्ज पर बनेंगे। अंडे देने वाली 35 और चिकन तैयार करने वाली 20 फर्म बनेगी। 3000 को रोजगार मिलेगा।
- जीएसटी – संयुक्त आयुक्त की सेवा नियमावली को मंजूरी।
- ऊर्जा मैकेंजी कंपनी के माध्यम से यूपीसीएल में सुधार के लिए रिपोर्ट आई थी। सुधार के लिए पॉलिसी बनी जो कैबिनेट से पास हुई। ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी। बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।
- सचिवालय प्रशासन – मुख्यमंत्री राहत कोष की धनराशि अब सभी बैंक में रखी जाएगी, जो बैंक ज्यादा ब्याज देगा, उसमे रखी जाएगी।
- किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 110 के तहत किशोर न्याय निधि के उपयोग के लिए नियमावली को मंजूरी।
- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के साथ स्ट्रीट चिल्ड्रन पॉलिसी को मंजूरी।
- सड़क के गौवंश के लिए, 16,000 पशुओं के लिए नई नीति आई थी। पहले तीन विभाग पैसा देते थे। अब पशुपालन विभाग देगा। पहले प्रस्ताव शासन के आते थे। अब जिलाधिकारी के स्तर पर ही प्रस्ताव स्वीकृत होगा।

# 50 पाकिस्तानियों के संपर्क में था नोमान रोज करता था बात, जांच में हुआ बड़ा खुलासा



**शामली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़े गए कैराना के नोमान इलाही से पूछताछ और पुलिस की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पाकिस्तान में बैठे आईएसआई के हैंडलर इकबाल काना के बाद अब वहीं पर रह रहे विक्की उर्फ शाह ने आईएसआई की कमान संभाल ली है। वहीं, वेस्ट यूपी के अलावा हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और अन्य स्थानों के भारत के युवाओं को झांसे में लेकर गोपनीय जानकारियां हासिल कर रहा है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि पकड़े जाने तक नोमान इलाही पाकिस्तान के 50 लोगों के संपर्क में था। उसकी हर रोज पाकिस्तान में बात होती थी। आगे पढ़ें कैसे देश की आंतरिक सुरक्षा में सेंध लगाने की तैयारी में था आरोपी नोमान।

पानीपत सीआईए प्रथम के सूत्रों के अनुसार, कैराना के रहने वाला नोमान इलाही पिछले दो साल से पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट इकबाल काना और अन्य के संपर्क में था। वह व्हाट्सएप पर लगातार पाकिस्तान के एजेंटों से बात करता था। उसकी व्हाट्सएप चैट से पता चला है कि आईएसआई हैंडलर इकबाल काना के अलावा शाह उर्फ विक्की ने आईएसआई की कमान संभाल ली है। हालांकि, यह शाह है कौन, पुलिस और खुफिया एजेंसियां इसकी जांच में जुट गईं हैं। वहीं, रेल वे स्टेशनों से लेकर सेना संबंधी जानकारियां नोमान पाकिस्तान भेज रहा था। हर सूचना के बदले 8 से लेकर 10 हजार रुपये तक दिए जाते थे। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इकबाल काना और शाह पाकिस्तान में होने के बावजूद भारत के मोबाइल फोन नंबरों का प्रयोग कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के नंबरों से लगातार नोमान से व्हाट्सएप पर बात की जा रही थी। पुलिस और खुफिया सूत्रों को शक है कि कैराना, मध्यप्रदेश के लोग ही पाकिस्तान के आईएसआई हैंडलरों को सिम उपलब्ध करा रहे हैं। कई लोग पुलिस के रडार पर आ गए हैं। पुलिस ने जल्द सभी पर शिकंजा कसने की बात कही है।

पुलिस के अनुसार, नोमान के पास से एक मोबाइल फोन, उसमें दो सिम, एक सिम अलग से बरामद किया गया है। उसके मोबाइल के अंदर 50 पाकिस्तानियों के नंबर नाम से सेव मिले हैं। माना जा रहा है कि नोमान कई आतंकी संगठनों के भी संपर्क में है। जिनमें से कुछ से वह लगातार बात भी करता रहता था। पुलिस को पता चला है कि आरोपी की बुआ और मौसी पाकिस्तान में रहतीं हैं। वर्ष 2017 में नोमान अपनी रिश्तेदारी में गया था।

# पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, आतंकियों के तीन मददगारों को किया गिरफ्तार



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम में शुक्रवार को पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबल कश्मीर घाटी में छिपे आतंकियों का सफाया कर रहे हैं। चुन-चुनकर दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। सुरक्षाबलों ने कश्मीर में बीते तीन दिनों में हुई दो अलग-अलग मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल में बृहस्पतिवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के नाम पहलगाम हमले के बाद जारी की गई सूची में हिट लिस्ट में शामिल थे। पहलगाम हमले के बाद आतंकियों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई में इनके भी घरों को सुरक्षाबलों ने मिट्टी में मिला दिया था। मारे गए आतंकी आसिफ अहमद शेख का घर पहले नंबर पर था। दक्षिण कश्मीर में दो अलग-अलग मुठभेड़ में छह स्थानीय आतंकवादियों के मारे जाने के साथ ही घाटी में सूचीबद्ध स्थानीय आतंकवादियों की संख्या घटकर सिंगल डिजिट में पहुंच गई है, जोकि 1990 के दशक में आतंकवाद शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे कम आंकड़ा है। सूत्रों के अनुसार, घाटी में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों की संख्या करीब 40 है।

# मुठभेड़ में डकैती की योजना बना रहे दो हिस्ट्रीशीटर सहित सात शातिर अपराधी गिरफ्तार, दो बदमाश घायल



**अमेठी।** मोहनगंज पुलिस व स्वाट और सर्विलांस टीम ने बृहस्पतिवार रात मुठभेड़ के दौरान दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सहित सात अंतरजनपदीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी रस्तामऊ-फूला मार्ग स्थित एक आम के बाग में डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिस पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। पुलिस पर जानलेवा फायरिंग के जवाब में की गई कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए, जबकि पांच अन्य को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्तों की पहचान मोहनगंज थाना क्षेत्र के गडेहरी गांव निवासी सुनील कुमार दीक्षित और भेलाई खुर्द निवासी अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र के रूप में हुई है। इसके साथ ही पकड़े गए अन्य पांचों की पहचान मोहनगंज के रामपुर कोची गांव निवासी अनुज सिंह उर्फ शनि व जमुरवा गांव निवासी मकसूद, इन्हौना के पूरे जोरई मजरे पिपरी अहमदाबाद निवासी आशीष कुमार व कैथा गांव निवासी अजय कुमार और जगदीशपुर के सरेसर गांव निवासी अमन सिंह के रुप हुई। इनके पास से पिस्टल, तमंचा, कारतूस, नकद और डकैती में प्रयुक्त असलहे बरामद हुए। पूछताछ में सोमवार रात जामो क्षेत्र के जनापुर स्थित देशी शराब की दुकान में 40,000 रुपये की लूट की घटना को स्वीकार किया। बरामद नकदी उसी वारदात की बताई गई है। मौके पर पुलिस हथौड़ा, तारकटर, पिलास, टॉर्च, रस्सी सहित डकैती में प्रयुक्त उपकरण तथा अपाचे और सीडी डीलक्स बाइक बरामद हुई हैं। दोनों बाइकें रविवार रात बरात से चोरी करने की भी बात स्वीकार की है। घायलों को अस्पताल में उपचार करवाने के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 22 मुकदमे सुनील के, 17 धर्मेन्द्र पर दर्ज

गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर सुनील कुमार दीक्षित के खिलाफ अमेठी व बाराबंकी में हत्या, लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट समेत 22 मुकदमे, जबकि अल्ताफ उर्फ धर्मेन्द्र पर अमेठी, रायबरेली और प्रतापगढ़ में लूट, चोरी, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट समेत 17 मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्राधिकारी तिलोई डॉ. अजय सिंह ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और अन्य घटनाओं में भी इनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित करते हुए पैरवी कर सजा दिलाई जाएगी।

# वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून के खिलाफ दायर की गई नई याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका पर आपत्ति जताई। इस पर कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा।

15 मई को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की थी। पीठ ने कहा था कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। इनमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बॉय यूजर या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। 17 अप्रैल को सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार व जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को केंद्र की ओर से आश्वासन दिया गया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद व बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने उसे सुने बिना कानून पर रोक न लगाने का आग्रह भी किया था।

### केंद्र सरकार ने दायर किया हलफनामा

इसके बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1332 पन्नों का हलफनामा दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी। केंद्र ने अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा, 'कानून में यह स्थापित स्थिति है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी। अदालतें मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी।'

# सपा नेता के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए विहिप ने दी तहरीर, विंग कमांडर पर की थी जातिसूचक टिप्पणी



**मुरादाबाद।** विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर की गई जातिसूचक टिप्पणी को लेकर सपा नेता रामगोपाल यादव के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। मुरादाबाद समेत कई जिलों में प्रदर्शन हुए। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजकमल गुप्ता ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर जातिसूचक टिप्पणी करने के मामले में सपा नेता रामगोपाल यादव का विरोध तेज हो गया है। मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया गया। विहिप ने सपा नेता के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिविल लाइंस थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजकमल गुप्ता ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर सौंपी है। इसमें कहा है कि सपा नेता रामगोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर जातिसूचक टिप्पणी की है। उनके खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। उधर, अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि देश सेवा करने वाले सैनिकों को धर्म या जाति के आधार पर बांटने वाले नेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए।

सैनिक बिना धर्म और जाति का भेद किए देश की सेवा करते हैं। रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति तक दे देते हैं। ऐसे में कुछ नेताओं द्वारा सैनिकों को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां न केवल समाज को बांटने वाली हैं, बल्कि यह उन सैनिकों का भी अपमान है जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन किया है। ज्ञापन में विशेष रूप से मध्य प्रदेश के भाजपा नेता के उस बयान का विरोध किया गया, जिसमें उन्होंने समाज को बांटने वाली टिप्पणी की थी। भाजपा किस आधार पर इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि विंग कमांडर व्योमिका सिंह को राजपूत समझकर भाजपा ने उन पर कोई टिप्पणी नहीं की, जबकि व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव हैं।

वहीं मुसलमान होने के कारण कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश सरकार में भाजपा के मंत्री विजय शाह ने गलत बयान दिया। बिलारी के सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान के आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद विजय शाह खिलाफ मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन अभी तक भाजपा ने उन्हें पार्टी से नहीं निकाला। हमारी साहसी सेना ने पड़ोसी देश के अंदर घुसकर आतंकवादी अड्डों को नष्ट किया, लेकिन ट्रंप के दबाव में जो सीजफायर हुआ उससे सेना के मनोबल पर असर पड़ा।

### सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने बिलारी में यह कहा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के सामने रखने वालीं विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव ने जातिसूचक टिप्पणी कर दी। उन्होंने व्योमिका सिंह को हरियाणा का जाटव, कर्नल कुरैशी को मुस्लिम और ऑपरेशन सिंदूर में शामिल एयर मार्शल एके भारती को पूर्णिया का यादव बताते हुए कहा कि पूरा युद्ध पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के अधिकारियों ने लड़ा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# तीनों विधानसभाओं के विधायक रहे हैं पूरी शिद्दत से दहाड़



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में आप पक्ष के विधायक रहे, विपक्ष के विधायक रहें, लेकिन आपके सामने चुनौतियां अंदरूनी और बाहरी दोनों रहती हैं। बाहरी चुनौतियों से ज्यादा भीतरी चुनौतियों से जूझना होता है। जिस सीट पर आप हैं उस सीट के लिये कोई और भी खुद को तैयार कर रहा होता है। राजनीति में एक विपक्ष पक्ष के भीतर भी होता है। किसी भी सीट से कोई सांसद हो, विधायक हो और भले ही वो सिटिंग जनप्रतिनिधि हो, लेकिन उन्हीं की पार्टी का कोई चेहरा उम्मीदवारी की उम्मीद में खुद को वेटिंग में मान रहा होता है। हर दल में ये होता है और कोई ना कोई चेहरा दावेदारी के रोल में होता है। ये दावेदारी दावेदार के बोल में दिखाई देती है, वो कार्यक्रमों में एक्टिव रहते हैं, वो क्षेत्र में होर्डिंग लगवाते हैं, नेताओं से मुलाकात करत हैं और कई बार उस विधानसभा के कई काम ऐसा कराकर लाते हैं जो मौजूदा जनप्रतिनिधि को बेचैन करते हैं। अगर, निगम पार्षदों की बात करें तो यहां कई वार्ड ऐसे हैं जिनमें पार्षद के समानांतर उनकी पार्टी के कई चेहरे लगातार काम करते हैं। ये चेहरे लाइनपार से लेकर शहर के कई वार्डों में हैं। लेकिन विधानसभाओं की बात करें तो शहर विधानसभा क्षेत्र, साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में अभी खुलकर ऐसी दावेदारी दिखाई नहीं दे रही है। तीनों विधानसभाओं के विधायक अपने-अपने क्षेत्र में विकास की दहाड़ लगा रहे हैं, लेकिन सैकिंड लाइन वाला कोई दावेदारी दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि कौन सामने आता है, ये चुनावी ईयर में ही पता चलता है क्योंकि आस्थाओं का गियर तभी बदलता है। सैकिंड लाइन की दावेदारी में फिलहाल तो कोई नहीं है लेकिन जो राजनीति जातने हैं वो ये भी जानते हैं कि अभी 2025 चल रहा है। फिर 2026 शुरू होगा और इस साल के शुरू होते ही 2027 की तैयारी शुरू हो जाएगी। तब जो नाम आएंगे वो तब देखेंगे लेकिन फिलहाल अभी इन तीनों विधायकों के सामने भाजपा का कोई चेहरा टिकट दावेदारी के लिये नहीं है। अगर बात कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर अजीतपाल त्यागी और शहर विधायक संजीव शर्मा की करें तो इनकी बॉडी लैंग्वेज बताती है कि ये तीनों चेहरे अभी से चुनावी मोड में हैं।

## नहीं आ रही सैकिंड लाइन दावेदारी की कोई गूंज बाहर

### सुनील शर्मा लेकर चल रहे हैं मजबूत टीम और मजबूत थीम



**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा लगातार दूसरी बार साहिबाबाद क्षेत्र से विधायक हैं। वैसे वो तीसरी बार विधायक हैं। उन्हें भाजपा की राजनीति का चाणक्य भी माना जाता है। वो अब सरकार में कैबिनेट मंत्री है, लेकिन जब बात विधानसभा की आती है तो देश की सबसे बड़ी विधानसभा का ये सबसे बड़ा खिलाड़ी बहुत ही सधे हुए अंदाज में खेल रहा है। वो विधानसभा को फ्री हैंड नहीं छोड़ रहे हैं। वो ये जता देते हैं कि यह उनकी पॉलिटिकल कर्म लैंड है और इसे वो अपने ही हिसाब से सींच रहे हैं। जब बात मंडल अध्यक्षों की आई तो उन्होंने इसे संगठन पर नहीं छोड़ा बल्कि उन्होंने मोर्चा संभाला और दस में दस मंडल अध्यक्ष वो अपनी गुड बुक के बनवाकर लाए। वो अपनी विधानसभा में उत्तरांचल समाज से लेकर पूर्वांचल समाज तक पूरी तरह एक्टिव हैं। रोजाना वो जनता से मुलाकात करते हैं, संवाद कायम रखते हैं और चुनावी मोड हैं।

### संजीव शर्मा की सुबह और शाम जनता और कार्यकर्ताओं के नाम



**करंट क्राइम।** संजीव शर्मा लगातार दो बार महानगर अध्यक्ष रहे हैं। अब वो शहर विधयाक हैं। अगर उनकी वर्किंग को देखें तो वो यहां पूरी तरीके से अपनी फील्डिंग लगा रहे हैं। वो लाइनपार में भी जनता के बीच है और शहर में भी जनता के बीच हैं। अगर विधायक संजीव शर्मा की फेसबुक पोस्ट देखें तो उनकी गुडमॉर्निंग ही जनसुनवाई के साथ अपने घर पर होती है। वो शाम को कार्यकताओं के सुख-दुख में हैं और उनका फोकस कार्यकर्ता और जनता है। कार्यकताओं के यहां जाते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि विधायक संजीव शर्मा आम कार्यकर्ता के बर्थ-डे से लेकर उनके यहां हुई किसी गमी में दुख-दर्द में शामिल होते हैं और उनकी फेसबुक पोस्ट ये बताती है कि रोजाना कई प्रोग्राम अपलोड होते हैं। संजीव शर्मा की सुबह और शाम जिस तरह से जनता और कार्यकताओं के नाम है उसमें वो एक संबंधों का एक बड़ा सेतु तैयार कर रहे हैं और यहां भी मयंक गोयल के नाम की चर्चा तो जरूर चलती है, लेकिन अभी उन्होंने भी दावेदारी का इजहार नहीं किया और कोई अन्य चेहरा भी सामने नहीं आया है।

### अजीतपाल त्यागी फेसबुक पर कम और फेस-टू-फेस ज्यादा

**करंट क्राइम।** मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी की बात करें तो राजनीति, जनसेवा, समाजसेवा उन्हें अपने पिता से विरासत में मिली है। राजनीति का एक बड़ा वो चेहरा हैं और कमाल का नेटवर्क उनके पास है। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी की बात करें तो वो फेसबुक पर कम और फेस-टू-फेस ज्यादा दिखाई देते हैं। मुरादनगर का देहात बताता है कि वो यहां की राजनीति के सबसे बड़े चेहरे हैं। रोजाना कार्यकताओं से मुलाकात है, रोजाना क्षेत्र की जनता से मुलाकात है। अपनों के हर दुख-दर्द में शामिल होते हैं। हर खुशी में शामिल होते हैं और वो ऐसा चेहरा है जिसके सामने अभी कोई दावेदार नजर नहीं आ रहा है। कोई चेहरा टिकट की दावेदारी में भी नहीं दिखाई दे रहा है। अजीत पाल त्यागी की राजनीति का अंदाज वैसे भी औरों से थोड़ा अलग हटकर है। राजनीति के साथ-साथ वो जनसेवा समाज सेवा में सबसे आगे रहते हैं। मुरादनगर की राजनीति का तो उन्हें एनसाईक्लोपीडिया कहा जा सकता है। क्षेत्र का हर गांव और हर गांव के 20 नाम उन्हें जुबानी याद हैं। राजनीति की पाठशाला उनके घर से शुरू होती है।



# जल्द होगी होल्ड चल रहे गोविंदपुरम मंडल अध्यक्ष पद पर घोषणा

## गजेंद्र ठाकुर को मिलेगी कमान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा इन दिनों अपने मंडलों पर फोकस कर रही है। उसके आयाम आ चुके हैं और हाल ही में उसने हर मंडल में प्रवासी भी घोषित किये हैं। जाहिर है कि भाजपा मंडल पर फोकस करेगी तो यहां मंडल अध्यक्ष होने चाहिए, मंडल की टीम होनी चाहिए। भाजपा ने जब मंडल अध्यक्षों की घोषणा की थी तो गोविंदपुरम मंडल को होल्ड वाले सिस्टम पर डाल दिया गया था। इस होल्ड के पीछे की कहानी सिंगल वाली नाम वाली बताई जाती है। बताया जाता है कि जब मंडल के नाम गए थे तो गोविंदपुरम मंडल से केवल एक ही नाम गया था। एक नाम गया और वो भी फिर होल्ड हो गया। माना जा रहा है कि गोविंदपुरम मंडल में ठाकुर फैक्टर पर काम हुआ है। एक नाम की दावेदारी और उस पर भी होल्ड वाली पहरेदारी। बताया जाता है कि जिस नाम को होल्ड किया था, उस नाम ने फिर कई चेहरों से मुलाकात की, अपनी बात रखी। नाम होल्ड क्यों हुआ इसके पीछे कई कारण बताए जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि बिहाइंड दा होल्ड वाली स्टोरी में रजामंदी वाला एरर आ गया था। अब पूरा मामला सोल्व हो गया है और यहां पर सूत्र बता रहे हैं कि विधायक जी का आशीर्वाद काम आया है। सूत्र बताते हैं कि विधायक जी और महानगर अध्यक्ष के बीच मंडल वाले नाम को लेकर सहमति बन गई है और जल्द ही गोविंदपुरम मंडल वाला होल्ड खत्म होने जा रहा है और यहां गजेंद्र ठाकुर का नाम मंडल अध्यक्ष के रूप में घोषित होने जा रहा है।

# लखनऊ में बस अग्निकांड के बाद के परिवहन विभाग आया एक्शन मोड में

## दो दिन में काटे दर्जनों चालान और लाखों का लगाया जुर्माना

### बिना परमिट संचालित, ओवरलोड और अधूरे कागजातों पर चलने वाले वाहन आए रडार पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों लखनऊ में एक यात्री बस में भीषण अग्निकांड में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री व परिवाहन आयुक्त के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग गाजियाबाद द्वारा 15 से 17 में तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टूरिस्ट बसों के रूट चेक किया जा रहे हैं। तो निजी वाहन में व्यवसायिक प्रयोग करने वालों को रोका जा रहा है। मिनी बस, टेंपो, टैक्सी अवैध रूप से संचालित करने वालों पर लगाम लगाई जा रही है। तो वहीं परिवहन विभाग द्वारा बीते दो दिनों के अभियान के तहत अनाधिकृत रूप से संचालित होने वाले 50 यात्री वाहनों का चालान किया गया है। तो वहीं 35 वाहनों को जप्त करते हुए मोटर वाहन अधिनियम की धारा के तहत जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके साथ अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए साढ़े पांच लाख रुपए से अधिक जुमार्ना लगाया गया है। परिवहन विभाग गाजियाबाद और पुलिस भी अलग-अलग स्थानों पर ऐसे वाहन चालकों को तलाश रही है, जो नियमों की अनदेखी कर वाहन चला रहे हैं।



### सीएनजी वाहनों को प्रमुखता से जांचा जा रहा है



**करंट क्राइम :** भीषण गर्मी के मौसम में सीएनजी वाहनों में आग लगे और शॉर्ट सर्किट के बाद विकराल रूप ले लेने की अधिक संभावना रहती है। इसको लेकर सीएनजी वाहनों की अधिक जांच की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि वाहनों में कंपनी फिटेड किट लगी है या बाहर से लगाई गई किट इंस्टॉल है। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस इस बात का ध्यान रख रही है कि सीएनजी वाहनों की फिटनेस ठीक हो ताकि उनमें हादसे कम से कम हो सके।

### स्कूली वैन, बसों और कमर्शियल वाहन आ रहे हैं रडार पर



**करंट क्राइम :** परिवहन विभाग द्वारा लखनऊ में अग्नि हादसे के बाद सबक लेते हुए पूरे प्रदेश में प्रमुखता से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात और परिवहन निगम के अधिकारी स्कूली वैन, स्कूल बसों और कमर्शियल लाइसेंस वाले वाहनों को अधिक फोकस कर रहे हैं। इनमें कई बार क्षमता से अधिक सवारियां बैठी होती हैं और कोई हादसा या गड़बड़ी होने पर अधिक नुकसान की संभावना रहती है, इसलिए इन वाहनों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

### इन अधिकारियों ने संभाल रखी है अभियान की कमान

**करंट क्राइम :** यातायात और परिवहन विभाग के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर जो अभियान चलाया जा रहा है। इसमें गाजियाबाद के एआरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, अमित राजन राय, मनोज कुमार मिश्रा, यात्रीकर अधिकारी राजेश्वर कुशवाहा व मनोज कुमार के द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर इस अभियान को प्रमुखता से चलाया जा रहा

# दो वर्ष पूरे होने पर बोले पार्षद : महापौर के नेतृत्व में हो रहा शहर के हर वार्ड का विकास



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम के पार्षदों के दो साल होने पर, पार्षद ने महापौर के नेतृत्व से हो रहा शहर के वार्डों के विकास कार्यों के बारे में बात की। उन्होंने अपने वार्ड में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी और महापौर के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों के लिए पार्षदों ने महापौर का आभार व्यक्त किया।

### महापौर के नेतृत्व में करोड़ों रुपए से हुआ विकास कार्य : विनय चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में वार्ड में विकास कार्य काफी हुए हैं। इस बार तो बृज विहार में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या से भी निदान मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया वार्ड में सड़क, नाला, पार्क पर करोड़ों रुपए का कार्य 2 साल के अंदर हुए है। जितना शहर में विकास हुआ है, इस दो साल में हुआ है , पहले कभी नहीं हुआ। महापौर सुनीता दयाल ने सभी वार्डों को एक समान विकास कार्य का काम किया है।

### महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में 2 वर्ष बेमिसाल : खुर्शीदा कल्लन बेगम



**करंट क्राइम।** खुर्शीदा कल्लन बेगम ने बताया कि शहीद नगर वार्ड 34 की जनता व महापौर का आभार व्यक्त करती हूं। 2 साल में वार्ड के विकास कार्यों में पूरा सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि आपके अपार सहयोग, विश्वास और प्रेम ने हमें हमेशा प्रेरित किया है। कि हम लगातार आपके के नेतृत्व में जनता के हित में कार्य करें। इन 2 वर्षों में हमने साथ मिलकर विकास, विश्वास और बदलाव की एक नई कहानी लिखी है। यह सफर अभी खत्म नहीं हुआ, बल्कि यह तो शुरूआत है एक और बेहतर कल की। आइए, इसी जोश और भरोसे के साथ आगे भी मिलकर अपने वार्ड को और सशक्त बनाएं।

### महापौर सुनीता दयाल का ध्यान सिर्फ विकास पर: कुसुम गोयल



**करंट क्राइम।** पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि महापौर सुनीता दयाल के कार्यकाल में शहर और वार्ड का बहुत विकास कार्य हुए हैं। जिस भी कार्य के लिए में महापौर के पास गया, उसे कार्य को तुरंत करवा दिया गया। दो साल पूरे होने पर वार्ड में सभी क्षेत्र में काम हुआ है सड़क, पार्क, पानी, सीवर, नाले पर भी महापौर के नेतृत्व से ही विकास कार्य निरंतर हो रहे हैं। महापौर सुनीता दयाल का ध्यान सिर्फ विकास कर्म पर है।

### महापौर के नेतृत्व से ही वार्ड का विकास संभव : भूपेंद्र उपाध्याय



**करंट क्राइम।** पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में ही वार्ड का विकास संभव हुआ। उन्होंने बताया कि वार्ड में सड़क स्ट्रीट लाइट नाली का निर्माण संभव हुआ है। 2 साल में जितने काम मेरे वार्ड में हुए हैं। पहले कभी नहीं हुए झंडापुर गांव में सड़क वर्षों से नहीं बनी थी। इस बार पार्षद बनकर आया तो झंडापुर की सड़क बनवाने का काम महापौर के नेतृत्व से ही संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि पहले जो भी पार्षद बनता था झंडापुर की ओर कोई ध्यान नहीं देता था। लेकिन इस बार झंडापुर का पार्षद बना है, तो झंडापुर के विकास के लिए भी पूरा काम किया जा रहा है।

### महापौर के सहयोग से हुआ वार्ड का विकास: हिमांशु चौधरी



**करंट क्राइम।** पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में, नगर निगम द्वारा कई सकारात्मक विकास कार्य किए गए हैं, । जिससे वार्ड 40 के लोगों को लाभ हुआ है। पार्षद ने जोर देकर कहा कि महापौर के मार्गदर्शन और सहयोग से, वे अपने वार्ड के विकास के लिए और अधिक काम कर पाएंगे।

## संपादकीय

# कर्नल के संदर्भ में मंत्री के बेलगाम बोल

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जहां पूरा देश गौरवान्वित है, वहीं मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री विजय शाह की बदजुबानी से सभी देशवासियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। सार्वजनिक मंच पर कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में मंत्री ने जिस तरह की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की, उससे भारत की सौहार्द और धर्मनिरपेक्षता की भावना को ठेस पहुंची है। स्वाभाविक ही सभी ने इसकी भर्त्सना की। इस मामले की गंभीरता का अंदाजा मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणियों और मंत्री के खिलाफ बिना देर किए प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश से लगाया जा सकता है।

इस मामले में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि मंत्री का बयान न केवल व्यक्तिगत मानहानि है, बल्कि समाज के ताने-बाने पर भी चोट करता है। इसके अलावा, जब एक न्यायाधीश को कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए यह कहना पड़े कि ह्यहो सकता है कि कल मैं जीवित न रहूंह्व चार घंटे में आदेश का पालन होह्ण तो इससे व्यवस्था की जटिलता और उदासीनता का पता चलता है। विडंबना यह है कि अदालत के इस तरह के रुख के बावजूद आरोप को स्पष्टता के साथ दर्ज करने में लापरवाही बरती गई। सवाल उठता है कि जिस बेहद संवेदनशील समय में भारत ने पाकिस्तानी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भी बेहद संयमित और नपा-तुला रुख अपनाया, उससे हासिल गरिमा को कायम रखने के बजाय उसे बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति को कैसे देखा जाना चाहिए। मंत्री ने महिला सैन्य अधिकारी की गरिमा को ही ठेस नहीं पहुंचाई, बल्कि सेना की प्रतिष्ठा को भी धूमिल करने की कोशिश की। मामले के तूल पकड़ने के बाद भले ही मंत्री ने सफाई दी, लेकिन ऐसे बयानों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति की अशोभनीय और आपत्तिजनक भाषा का समर्थन देश के प्रति सम्मान रखने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं करेगा। जरूरत इस तरह की बदजुबानी और बेलगाम बयानबाजी पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए ठोस और नीतिगत पहल करने की है, ताकि देश के संविधान के मर्म और सौहार्द को कोई नुकसान न पहुंचे।

# दुनिया में अनिश्चितता के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। जनवरी 2025 में यह अनुमान 6.6% था। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना गया है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट '2025 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं' में दी गई है, जिसे 16 मई को जारी किया गया। भारत की ग्रोथ के प्रमुख कारणः खपत और सरकारी निवेश रिपोर्ट के अनुसार, भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को मुख्य रूप से मजबूत घरेलू खपत और सरकारी निवेश का समर्थन मिला है।




इसके अलावा, सेवा क्षेत्र का निर्यात भी आर्थिक विकास को मजबूती देता रहा है। इस रिपोर्ट में कहा गया, 'भारत की आर्थिक वृद्धि को निजी उपभोग, सार्वजनिक निवेश और मजबूत सेवा निर्यात का समर्थन प्राप्त है।' आरबीआई ने शुरू की मौद्रिक ढील भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2025 में अपनी नीतिगत ब्याज दर घटाने की प्रक्रिया शुरू की। इससे पहले यह दर फरवरी 2023 से लगातार 6.5% पर स्थिर बनी हुई थी।

दक्षिण एशिया के अन्य देशों जैसे बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका में भी आर्थिक सुधार और आईएमएफ के समर्थन से वित्तीय अनुशासन को अपनाया जा रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार भी धीमी यूएन रिपोर्ट के अनुसार, विश्व आर्थिक विकास दर 2025 में घटकर 2.4% हो जाएगी, जो 2024 में 2.9% थी। यह जनवरी 2025 के अनुमान से 0.4% कम है। यह मंदी नहीं है, लेकिन अधिकांश देशों में विकास की गति धीमी हो रही है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा, अभी दुनिया की अर्थव्यवस्था अस्थिर दौर में है। निवेश में देरी और नीति संबंधी अनिश्चितता से हालात और बिगड़ रहे हैं।' अन्य देशों की स्थिति भी कमजोर अमेरिका की बढ़ोतरी 2024 के 2.8% से घटकर 2025 में 1.6% होने की संभावना है। चीन की बढ़ोतरी 2025 में 4.6% तक सीमित रह सकती है। ब्राजील, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका जैसे विकासशील देशों की भी बढ़ोतरी दर में गिरावट आई है।

### व्यापारिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितता का असर


संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय जोखिमपूर्ण स्थिति में है। अमेरिका की तरफ से शुल्क बढ़ाए जाने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ा है। इससे उत्पादन लागत बढ़ी है और निवेश में अनिश्चितता आई है। भारत के माल निर्यात पर भी इसका असर हो सकता है, हालांकि दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और तांबा जैसे सेक्टर इस प्रभाव से फिलहाल बचे हुए हैं।

### भारत में मुद्रास्फीति घटेगी, रोजगार स्थिर

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में महंगाई 2024 में 4.9% रहने के बाद 2025 में घटकर 4.3% हो सकती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के लक्षित दायरे में है। इसके साथ ही, रोजगार के स्तर में कोई बड़ी गिरावट नहीं देखी गई है, लेकिन महिला श्रम भागीदारी में असमानता बनी हुई है, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।


# पाक से तनाव के बीच अदाणी ने चीनी कंपनी ड्रैगनपास से साझेदारी तोड़ी

**नई दिल्ली।** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने चीनी कंपनी ड्रैगनपास के साथ साझेदारी को तत्काल खत्म करने का एलान किया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले और उसके बाद नौ पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई-ऑपरेशन सिंदूर से भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनावपूर्ण माहौल में यह फैसला हुआ है। खास बात ये है कि साझेदारी शुरू होने के केवल एक सप्ताह बाद टूट गई। साझेदारी टूटने के बाद एक प्रवक्ता ने कहा कि ड्रैगनपास के ग्राहकों को अब अदानी के प्रबंधन वाले हवाई अड्डों पर लाउंज की सेवा नहीं मिलेगी। हालांकि अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने यह भी साफ किया कि साझेदारी टूटने के बाद होने वाले बदलावों से अन्य यात्रियों के लाउंज और यात्रा अनुभव प्रभावित नहीं होंगे। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के प्रवक्ता ने कहा, ड्रैगनपास के ग्राहकों को अब अदाणी द्वारा प्रबंधित हवाई अड्डों पर लाउंज की सेवा नहीं मिलेगी। बता दें कि अदानी डिजिटल लैब्स ने यात्रियों के एयरपोर्ट लाउंज और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ड्रैगनपास के साथ साझेदारी की थी। हालांकि, एक सप्ताह बाद ही साझेदारी खत्म हो गई।




डिजिटल लैब्स अदानी समूह की डिजिटल इनोवेशन शाखा है, जो अरबों उपयोगकर्ता आवश्यक सेवाओं का कैसे इस्तेमाल करते हैं, इसे बदलने के लिए समर्पित है। कंपनी ने कहा कि अदानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड और अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के तहत अदानी द्वारा प्रबंधित हवाई अड्डों के डिजिटल विस्तार के रूप में यात्रा और हवाई अड्डे के अनुभवों के भविष्य को आकार देने में एक रणनीतिक भूमिका निभाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेजी से बर्फ में बदल जाता है।
- एक इंसान सुबह की तुलना में शाम को एक प्रतिशत 1% छोटा हो जाता है।
- इंसान सबसे तेज फैसला तब लेता है जब वो वीडियो गेम खेल रहा होता है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्मह्वह्लह्वड्ढद्ग पर बहुत सारे वीडियो उपलब्ध है और अगर आप उन सारे विडियोज को देखना चाहते हो तो आपको एक हजार साल से भी ज्यादा वक्त लगेगा।
- मानव गर्भ रोधक गोलिया इंसान के अलावा गोरिल्ला पर भी काम करती है।
- जरूरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- आपको जानकर हैरानी होगी कि ट्विटर पर हर दिन लिखे गए शब्द 10 मिलियन पेज की एक बुक भर सकते है।
- शायद आप यह नहीं जानते होंगे कि, एक इंसान सुबह की तुलना में शाम को 1% से छोटा हो जाता है।

# भारत में सबसे तेज बढ़ेगी तेल की मांग, चीन से दोगुनी वृद्धि, लाभांश पर 23 मई को फैसला करेगा आरबीआई



**नइ दिल्ली।** तेल उत्पादक संगठन ओपेक ने कहा है कि भारत की तेल मांग प्रमुख देशों में सबसे तेज गति से बढ़ेगी। 2025 और 2026 में यह चीन की वृद्धि दर से दोगुनी हो जाएगी। भारत की तेल मांग 2024 में 55.5 लाख बैरल प्रतिदिन से बढ़कर 2025 में 57.4 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि 3.39 प्रतिशत की वृद्धि है। इससे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों से मदद मिलेगी। 2026 में तेल की मांग 4.28 प्रतिशत बढ़कर 59.9 लाख टन बीपीडी हो जाएगी। यह वृद्धि 2025 में चीन की मांग में 1.5 फीसदी व 2026 में 1.25 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि से अधिक है। अमेरिका 2025 में 2.05 करोड़ बीपीडी की मांग के साथ सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता बना रहेगा। चीन 2025 में 1.69 करोड़ बीपीडी व 2026 में 1.71 करोड़ बीपीडी के साथ दूसरे स्थान पर होगा।

### लाभांश देने पर 23 मई को फैसला लेगा आरबीआई

आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड ने अपने आर्थिक पूंजी ढांचे की समीक्षा की है। इस समीक्षा के आधार पर ही सरकार को लाभांश दिया जाएगा। आरबीआई ने 2023-24 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ का लाभांश दिया था। इस बार लाभांश भुगतान अधिक होने की उम्मीद है। इसका निर्णय 23 मई की बैठक में लिया जाएगा।

### वर्या क्रिएशंस व सात प्रवर्तकों पर सेबी का प्रतिबंध

आईपीओ रकम के दुरुपयोग के चलते सेबी ने वर्या क्रिएशंस और उसके सात प्रवर्तकों पर शेयर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन्वेंचर मर्चेंट बैंकिंग को नए कारोबार लेने पर रोक लगा दी है। कंपनी 20.10 करोड़ का आईपीओ लाई थी और 30 अप्रैल, 2024 को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हुई। सेबी ने कहा, आईपीई रकम की 70 फीसदी राशि कावेरी कॉरपोरेशन, मारुति कॉरपोरेशन और ओवरसीज मेटल को ट्रांसफर की गई थी।

### 50 लाख टन तक रह सकता है चीनी का भंडार

राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने कहा है कि भारत का चीनी का अंतिम भंडार 48 से 50 लाख टन रहने का अनुमान है। यह भंडार चालू सत्र 2024-25 में उत्पादन में गिरावट के बावजूद अक्तूबर-नवंबर 2025 में घरेलू मांग को पूरा

# निर्यात 9 फीसदी बढ़ा, व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, निर्यात की तुलना में अधिक आयात के कारण अप्रैल में देश का व्यापार घाटा पांच महीने के उच्च स्तर 26.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले नवंबर, 2024 में सबसे ज्यादा 31.77 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। अप्रैल, 2024 में देश से 35.30 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था, जबकि आयात 54.49 अरब डॉलर रहा था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग उत्पादों की मांग में अच्छी वृद्धि के कारण भारत का निर्यात अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 9.03 फीसदी बढ़कर 38.49 अरब डॉलर पहुंच गया। कच्चे तेल और उर्वरक की खरीदारी बढ़ने से देश का आयात भी एक साल पहले की तुलना में 19.12 फीसदी बढ़कर 64.91 अरब डॉलर

### इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की अच्छी रही मांग



पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, निर्यात की तुलना में अधिक आयात के कारण अप्रैल में देश का व्यापार घाटा पांच महीने के उच्च स्तर 26.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले नवंबर, 2024 में सबसे ज्यादा 31.77 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। अप्रैल, 2024 में देश से 35.30 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था, जबकि आयात 54.49 अरब डॉलर रहा था।

### सेवाओं का मूल्य 35.3 अरब डॉलर

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल, 2025 के लिए सेवाओं के निर्यात का अनुमानित मूल्य 35.31 अरब डॉलर था जो अप्रैल, 2024 में 30.18 अरब डॉलर था। सेवाओं के आयात का अनुमानित मूल्य 17.54 अरब डॉलर रहा, जो अप्रैल, 2024 में 16.76 अरब डॉलर था।

अमेरिका-चीन को बढ़ा निर्यात आंकड़ों के मुताबिक, टैरिफ वार के बीच भारत से अमेरिका निर्यात 27.3 फीसदी बढ़कर 8.42 अरब डॉलर पहुंच गया।

## राशिफल

**मेष:** कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन भी कष्टमय हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृष:** मानसिक शान्ति रहेगी। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में कठिनाईयां आ सकती हैं। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**सिंह:** वाणी में मधुरता रहेगी। कारोबार में सुधार होगा। आय में बढ़ोरती के योग बन रहे हैं। कुटुम्ब-परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु बातचीत में संयत रहें। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर हो सकता है, परन्तु मन परेशान हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

**धनु:** मन अशान्त रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार का विस्तार हो सकता है। पिता का सहयोग मिल सकता है।

**मकर:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के साथ वृद्धि के योग बन रहे हैं। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ:** नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मीन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## चुटकुले

मंटू और चंटू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
अध्यापिका - तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
मंटू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसीलिए

-----------------------

एक ऑटो वाले की शादी हो रही थी
जब उसकी दुल्हन फेरों के वक्त उसके पास बैठी तो वह बोला,
थोड़ा पास होकर बैठो, अभी एक और बैठ सकती है
फिर क्या था मण्डप में दे चप्पल दे चप्पल!

-----------------------

एक साहब महिला से कहने लगे- माफ कीजिए मैं कुछ देर आपसे बातें करना चाहता हूं.
महिला - इससे आपका क्या फायदा होगा?
साहब - दरअसल, मेरी पत्नी खो गई है,
वह मुझे आपसे बातें करते हुए देखेगी तो गोली की तरह यहां पहुंच जाएगी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आरसीबी-केकेआर मुकाबले से फिर से शुरू होगी लीग

**मुंबई।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण का आगाज शनिवार से होने जा रहा है। यह लीग का 58वां मुकाबला होगा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा।इस मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी।

### लीग में 10 दिनों की अप्रत्याशित रुकावट

10 दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और केकेआर के खिलाफ जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। वहीं, केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी।



### दोनों टीमें शानदार लय में चल रहीं

लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये टीमें अपनी लय को किस तरह से बनाये रखती है। कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा।

चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन नेट सत्र में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं। देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है।

### केकेआर की बल्लेबाजी सबसे बड़ी समस्या

केकेआर टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गए हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइन-अप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।

### कोहली पर होंगी सभी की निगाहें

मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होंगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरूआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चचाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे। केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल जॉनसन का बेतुका बयान, विदेशी खिलाड़ियों को शेष मैचों से दूर रहने को कहा



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन का एक बेतुका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि विदेशी खिलाड़ियों का आईपीएल के शेष मैचों के लिए लौटना बुद्धिमानी भरा फैसला नहीं है। उन्होंने विदेशी खिलाड़ियों से भारत-पाकिस्तान तनाव की वजह से उत्पन्न मौजूदा परिस्थितियों को लेकर बयान दिया और कहा कि विदेशी खिलाड़ियों को पैसों से ज्यादा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### 'खिलाड़ियों को अपने निर्णय लेने का अधिकार'

उन्होंने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' अखबार के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों को अपने निर्णय लेने का अधिकार दिया है, लेकिन उनके लिए विकल्पों का चयन करना मुश्किल हो सकता है। क्रिकेट में इन दिनों बहुत ज्यादा पैसे खर्च हो रहे हैं, लेकिन यह अब भी एक खेल ही है और इस सप्ताह आईपीएल के बंद होने के बाद इस बात पर काफी ध्यान गया है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे अगर यह फैसला करना पड़े कि भारत वापस लौटकर टूनार्मेंट खत्म करूं या नहीं, तो यह एक आसान फैसला होगा। मैं इसका जवाब नहीं में देना पसंद करूंगा। जिंदगी और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, पैसे नहीं।

संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक प्लेऑफ में भाग लेने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 11 जून से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। जॉनसन ने कहा, 'यह एक व्यक्तिगत फैसला है। किसी को भी वापस जाने के लिए मजबूर या दबाव महसूस नहीं करना चाहिए। भले ही आईपीएल और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) इसके लिए कड़ी मेहनत करें। दोनों टूनामेंटों को अभी समाप्त कर देना चाहिए या स्थानांतरित करने पर विचार करना चाहिए।'

उन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल का जिक्र करते हुए कहा, 'यह मत भूलिए कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के कुछ खिलाड़ियों को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए तैयारी करने की जरूरत होगी। आईपीएल फाइनल अब तीन जून तक टाल दिया गया है, जो लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल शुरू होने से ठीक एक सप्ताह पहले है। टेस्ट क्रिकेट के सबसे अहम मैच में से एक के लिए खिलाड़ियों की तैयारी प्रभावित होना भी एक बड़ा मुद्दा है।'

### आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष और सीमा पर तनाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को नौ मई को निलंबित कर दिया गया था। इसके निलंबन के एक दिन बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इससे शनिवार से आईपीएल के फिर से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, जॉनसन का मानना है कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए बाकी बचे मैचों में भाग न लेना समझदारी होगी।

### 17 मई से शुरू होगा लीग का दूसरा चरण

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने व्यापक विचार-विमर्श करने और सरकार से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के बाद लीग को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। इसका फाइनल पहले से तय 25 मई की जगह अब तीन जून को खेला जाएगा। हालांकि, अब तक फाइनल समेत प्लेऑफ के चार मैचों का स्थान तय नहीं किया गया है।

# बार्सिलोना 28वीं बार बना ला लीगा चैंपियन यमल के शानदार गोल से जीती टीम



**स्पेन।** स्पेन के स्टार युवा फुटबॉलर लामिन यमल के शानदार गोल की बदौलत बार्सिलोना ने गुरुवार को एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लीगा का खिताब को अपने नाम किया। ला लीग स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग है।

### यमल और लोपेज ने दागे गोल

मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमल ने 53वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लोपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सिलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिज रियल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सिलोना की बराबरी करना संभव नहीं है।

### यमल की शानदार ड्रिब्लिंग

यमल ने एस्पेनयॉल के दो डिफेंडरों को छकाते हुए अपने चिर-परिचित अंदाज में बायें पैर से गोल पोस्ट कॉर्नर में गेंद को मार कर अपने इस शानदार सत्र को और यादगार बनाया। पिछले साल स्पेन को यूरो कप जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले यमल ने अपनी ड्रिबलिंग और प्लेमेकिंग की कौशल से सभी को प्रभावित किया और बताया कि क्यों उन्हें आने वाले समय का सुपरस्टार कहा जाता है। यमल के साथ राफिन्हा, पेड्री जैसे दिग्गज खिलाडियों ने इस सत्र में बार्सिलोना के अभियान को यादगार बना दिया।

### पेड्री का 200वां मैच बना खास

22 साल के पेड्री का यह बार्सिलोना के लिए 200वां मैच था। एस्पेनयॉल को 80वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिआंड्रो कैबरेरा को गेंद को लेकर विवाद करते समय यमल के पेट पर गेंद मारने के कारण रेड कार्ड दिखा गया। लोपेज ने स्टॉपेज समय में गोल कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

### मेसी ने भी पुरानी टीम को दी बधाई

दिग्गज लियोनेल मेसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये अपनी पुरानी टीम को चैंपियन बनने की बधाई दी। रियल मैड्रिड ने भी अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी को एक्स पर बधाई दी, जबकि बासीलीना के हजारों प्रशंसक शहर के मुख्य क्षेत्र में इस खिताब का जश्न मनाया। एक कार दुर्घटना के कारण शुरूआती मिनटों में रेफरी ने खेल को कुछ समय के लिए रोक दिया था। यहां के आरसीडीई स्टेडियम के बाहर भीड़ में कार के घुसने ये कई लोग घायल हो गए थे। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि यह एक दुर्घटना थी और इसका इस मैच से कोई संबंध नहीं था।

### ला लीगा के अन्य मैचों का हाल

अन्य मैचों में चौथे स्थान पर काबिज एथलेटिक बिलबाओ ने गेटाफे पर 2-0 से जीत हासिल कर चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की की। तीसरे स्थान पर मौजूद एटलेटिको मैड्रिड को ओसासुना के खिलाफ 2-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि रियल बेटिस को रेयो वैलेकानो के साथ 2-2 से ड्रा खेलने के बाद चैंपियंस लीग के क्वालिफिकेशन के लिए पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। टीम 59 अंक के साथ छठे पायदान पर है।

# पंजाब, गुजरात और लखनऊ को बचे हुए सत्र की शुरूआत से पहले झटका; मयंक यादव-जोस बटलर और फर्ग्यूसन बाहर

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बीच पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स को तगड़ा झटका लगा है। यही वजह है कि तीनों टीमों ने नए खिलाड़ियों का एलान किया है।

पंजाब किंग्स के गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए। उनकी जगह फ्रेंचाइजी ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें दो करोड़ रुपये में टीम का हिस्सा बनाया गया है।

गुजरात टाइटंस को भी तगड़ा झटका लगा है। उनके स्टार बल्लेबाज जोस बटलर 26 मई को स्वदेश लौट जाएंगे। इससे पहले वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 25 मई को होने वाले मैच में खेलते नजर आएंगे। उनकी जगह कुशल मेंडिस को टीम का हिस्सा बनाया गया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 75 लाख रुपये में शामिल किया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स को भी करारा झटका लगा है। तेज गेंदबाज मयंक यादव एक बार फिर चोटिल हो गए हैं। उनकी जगह विलियम ओरुर्के को तीन करोड़ रुपये की कीमत पर टीम का हिस्सा बनाया गया है।



### बीसीसीआई ने जारी किया संशोधित कार्यक्रम

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल 2025 को स्थगित किया गया था। इससे पहले पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में खेला गया मुकाबला भी रद्द कर दिया गया था। आईपीएल में अब तक 57 मैच हो चुके हैं और बीसीसीआई ने फाइनल सहित 17 मैचों के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार, पंजाब और दिल्ली के बीच रद्द हुआ मुकाबला फिर खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मैच 24 मई को जयपुर में होगा। आईपीएल 2025 का फाइनल अब 25 मई के बजाए तीन जून को खेला जाएगा।

# स्टार्क के नहीं खेलने से दिल्ली की प्लेऑफ की उम्मीदों को लगेगा झटका?

**मुंबई।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरूआत शनिवार से होने जा रही है। इस बार कई विदेशी खिलाड़ियों के भारत नहीं लौटने की संभावना है। इससे कई टीमों के प्लेऑफ में पहुंचने के समीकरण को ठेस पहुंचेगी। दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हीं टीमों में शामिल है। टीम को हाल फिलहाल में हार का सामना करना पड़ा है और अब उनके लिए बचे हुए मैचों को हर हाल में जीतना जरूरी है। हालांकि, अब दूसरे चरण में मिचेल स्टार्क खेलते नहीं दिखेंगे। स्टार्क ने अब तक घातक गेंदबाजी की थी। इसके अलावा फाफ डुप्लेसिस की वापसी भी अभी तय नहीं है। वहीं, जेक फ्रेजर मैकगर्क पहले ही टूनार्मेंट से हट चुके हैं।





### दिल्ली के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट

दिल्ली कैपिटल्स के अहम खिलाड़ी स्टार्क इस सत्र में टीम के लिए अब तक टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए संघर्ष कर रही दिल्ली की टीम को आगामी मैचों में निश्चित तौर पर उनकी कमी महसूस होगी। दिल्ली की टीम फिलहाल 11 मैचों में छह जीत और चार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसके 13 अंक हैं, जबकि नेट रन रेट +0.362 है।

नीलामी में 11.75 करोड़ में बिकने वाले स्टार्क ने आईपीएल के शेष मैचों के लिए कथित तौर पर भारत लौटने का फैसला नहीं किया है। 'ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस' के मुताबिक, स्टार्क ने फ्रेंचाइजी को बताया है कि वह धर्मशाला वाले मैच के एक सप्ताह बाद टीम में शामिल नहीं हो सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने इस बारे में दिल्ली को ईमेल भी कर दिया है। इस मैच को आस-पास के इलाकों में हवाई हमले की चेतावनी के बाद सुरक्षा कारणों से बीच में ही रद्द कर दिया गया था। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण अगले दिन लीग को निलंबित कर दिया गया था। बीसीसीआई ने संघर्ष विराम के बाद सरकार से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद 17 मई से इसे फिर से शुरू करने की घोषणा की। इसका फाइनल पहले से तय 25 मई की जगह तीन जून को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसिस लीग में वापस आएंगे या नहीं इस बात की पुष्टि अभी नहीं हुई है। दूसरी ओर ट्रिस्टन स्टब्स ने कहा है कि वह टीम में सिर्फ लीग चरण के मैचों के लिए शामिल होंगे। वह इसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए रवाना हो जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने भारत नहीं लौटने का फैसला करने वाले जेक फ्रेजर-मैकगर्क की जगह मुस्तफिजुर रहमान करार किया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की भागीदारी पर हालांकि संदेह बना हुआ है क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि उनसे इस क्रिकेटर के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट वह आदमी जो हमारे समूह के साथ था और हमारे साथ बस में रहता था, वह आता है और उसका चेहरा सफेद पड़ गया था। उसने कहा कि हमें अभी जाना चाहिए। इस पर हमने कहा- ठीक है। हमने पहले बाकी सभी को स्टेडियम से बाहर जाने देना और खुद वहां रुके रहना बेहतर समझा। हमने सोचा कि फिलहाल हम यहां सुरक्षित हैं क्योंकि हर जगह लोग सीढ़ियों से नीचे उतर रहे होंगे।'

### स्टार्क की पत्नी ने बताया था पूरा घटनाक्रम

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान और स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में मैच वाली रात का घटनाक्रम साझा किया है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया था। एलिसा ने 'विलोटॉक' पॉडकास्ट पर कहा, 'बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है क्योंकि बिजली गुल हो गई है।'

# यूपी की जीत में हीरो बने राष्ट्रीय खिलाड़ी राज, सुमित ने 11 बास्केट किए

**लखनऊ।** यूपी कॉलेज साई सेंटर के तीन खिलाड़ियों की बदौलत यूपी की बास्केटबॉल टीम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल में गार्ड पोजीशन खिलाड़ी राज सिंह ने सर्वाधिक 19 अंक, सेंटर पोजीशन खिलाड़ी सुमित सिंह 11 और प्रणव सिंह 10 अंक हासिल किए।

बिहार में हुई खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के फाइनल में उत्तर प्रदेश की पुरुष टीम ने राजस्थान को 67-58 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। टीम में राष्ट्रीय खिलाड़ियों यूपी कॉलेज साई सेंटर के राज सिंह, प्रणव सिंह और सुमित कुमार सिंह ने वाराणसी का प्रतिनिधित्व किया।

टीम ने प्रतियोगिता में सभी टीमों को एकतरफा और बड़े अंतर से हराया। तीनों खिलाड़ी उदय प्रताप कॉलेज के भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल छात्रावास में रहकर बास्केटबॉल कोर्ट पर अभ्यास करते हैं। सुमित कुमार सिंह, प्रणव सिंह संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोईराजपुर में पढ़ते हैं।





### बास्केटबॉल की उपविजेता बनी एनईआर की महिला टीम

तमिलनाडु के अरंथंगी में अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे महिला बास्केटबॉल टीम को फाइनल में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोच एके सिंह ने बताया कि लीग मैचों में पूर्वोत्तर रेलवे ने केरल पुलिस और एसआरएम विश्वविद्यालय को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने चेन्नई की टीम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम को केरला स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से हार मिली।

जिला बास्केटबॉल संघ के संयुक्त सचिव विभोर भृगुवंशी ने बताया कि राज मूलरूप से चंदौली के निवासी हैं जबकि सुमित बलिया और प्रणव सिंह वाराणसी के निवासी हैं। चेतनारायण सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, शुभांशु द्विवेदी, कार्तिक ने बधाई दी है।

खेल विभाग और तैराकी संघ की ओर से प्रादेशिक तैराकी 23 से 25 मई तक बरेली स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। वाराणसी की तैराकी टीम का चयन ट्रायल बृहस्पतिवार को सिगरा के डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। 125 में 17 खिलाड़ियों ने दूसरे चक्र यानी मंडल के लिए क्वालिफाई किया। 16 मई को सिगरा में मंडल टीम का चयन ट्रायल होगा।

आरएसओ विमला सिंह ने बताया कि एक खिलाड़ी पांच इवेंट में खेल सकते हैं। फ्री स्टाइल 50, 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्ट स्ट्रोक 50, 100 और 200 मीटर, व्यक्तिगत 200 और 400, फ्री स्टाइल 4 गुणा 400 और 4 गुणा 200, मेडले रिले 4 गुणा 100 की स्पर्धा होगी।

### यूथ गेम्स कुश्ती में सौरभ ने जीता रजत

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश की कुश्ती टीम बालक-बालिका दोनों वर्ग में उपविजेता रही। बालक वर्ग में वाराणसी के सौरभ यादव ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर 80 किलो भारवर्ग में रजत पदक जीता। सौरभ नैपुरा अखाड़े में कोच संजय बाबा की देखरेख में अभ्यास करते हैं। सौरभ ने 75 प्रतिशत अंक हासिल कर 12वीं की परीक्षा महामना इंटर कॉलेज बच्छाव से पास की है। कोच राम सजन यादव, गोविंद यादव, अशोक यादव, सुभाष चंद्र भारद्वाज, अंकित शामिल हुए। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) खेल संघ के तहत संचालित बास्केटबॉल एकेडमी का सचिव राजेश कुमार को मनोनीत किया गया है। राजेश कुमार बरेका में जनसंपर्क अधिकारी हैं। बताया कि खेलों को अपनाकर ही निरोग रहा जा सकता है। युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में हिस्सा बनने का मौका मिलेगा।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से ग्रीष्मकालीन खेल शिविर बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। 9 खेलों का प्रशिक्षण चार मैदानों पर दिया जाएगा। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने बताया कि शिविर 15 मई से 15 जून तक लगेगा।

अंडर-14 के खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों के कोच प्रशिक्षण देंगे। भारोत्तोलन और कुश्ती का प्रशिक्षण ब्रोचा मैदान के शिवाजी हॉल, तैराकी नवीन छात्रावास के पास स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन का शिविर डॉ. विभुति नारायण सिंह इंडोर स्टेडियम, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स और क्रिकेट का प्रशिक्षण एंफीथियेटर मैदान में दिया जाएगा।



### प्रादेशिक खेलने ताइक्वांडो टीम लखनऊ रवाना

प्रादेशिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खेलने कशी की टीम कैंट स्टेशन से लखनऊ रवाना हुई। कोच उमेश केशरी ने बताया कि चौथी प्रादेशिक प्रतियोगिता मॉडर्न एकेडमी परिसर में खेली जाएगी। जो कि 16 से 18 मई तक खेली जाएगी।

### कराटे में रजत जीतकर लौटी खुशी का स्वागत

मलयेशिया में हुई अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में में रजत जीतकर लौटी कपसेठी के श्रीरामपुर निवासी खुशी सिंह सिंह का स्वागत बाबतपुर से गांव तक हुआ। लोगों ने आवास पर मिठाई खिलाकर खुशी जताई। 21वीं अंतरराष्ट्रीय ओपेन कराटे के 64 किलो भारवर्ग में खुशी ने रजत जीता। 18 अप्रैल को जयपुर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। खुशी ने बताया कि वह रोज चार घंटे अभ्यास करती थीं। वह 15 मई को मलयेशिया रवाना हुई थीं। 18 मई को प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। खुशी के प्रदर्शन पर पिता तेज बहादुर सिंह, कोच जयप्रकाश और वसीम ने खुशी जताई।

# जसप्रीत बुमराह टेस्ट में कप्तानी के थे सबसे बड़े दावेदार, ऐसा क्या हुआ जो कट गया पत्ता?

**मुंबई।** जसप्रीत बुमराह को टेस्ट कप्तानी में रोहित शर्मा का स्वाभाविक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा था। दिसंबर-जनवरी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान 2 मैचों में उन्होंने कप्तानी भी की। औपचारिक ऐलान तो नहीं हुआ है लेकिन रिपोर्ट बता रहीं कि बीसीसीआई ने शुभमन गिल को रोहित शर्मा का उत्तराधिकारी चुन लिया है। वही गिल जिनकी टेस्ट के प्लेइंग इलेवन तक में पक्की जगह नहीं मानी जाती थी। कम से कम दिग्गज पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत का तो यही मानना है।

NAME CHANGED
I am Manish Tyagi S/o Sh. Satyavir Singh Tyagi R/o Kharjivanpur Khimawati I am also known a Manish Tyagi. I declare that both names Manish Tyagi & Manish Kumar Tyagi belongs to one and the Same person & are mine only.

# गाजियाबाद में मनाया गया 10वाँ राष्ट्रीय डेंगू दिवस




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रतिवर्ष 16 मई को डेंगू दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष यह 10वाँ राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया है। इस उपलक्ष्य में समस्त सी०एच०सी० एवं समस्त नगरीय प्रा०स्वा०केन्द्रों पर डेंगू से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें की संगोष्ठी आयोजित की गयी। मुख्यालय स्तर पर प्रमुख कार्यक्रम एम०बी० गर्ल्स बालिका इण्टर कॉलेज चन्द्रपुरी में आयोजित किया गया। यहाँ पर लगभग 200-250 छात्राओं के साथ-साथ वहाँ अध्यापिका भी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डेंगू से बचाव हेतु छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाये गये। इसमें 05 सबसे अच्छे पोस्टर बनाने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पाथ संस्थान की तरफ से डा० अफिशा एवं रिति फाउडेन्शन के संचालक ने भी डेंगू से बचाव हेतु अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रतिभाग किया। विद्यालय के सभागार में उपस्थित छात्राओं एवं सभी स्टाफ को डेंगू से बचाव हेतु जागरूक करते हुए इसमें भागीदारी हेतु शपथ दिलायी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सर्विलान्स अधिकारी डा० आर०के० गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी श्री जी०के० मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार, एपिडिमियोलोजिस्ट डा० शिवी अग्रवाल, चिकित्साधिकारी डा० रितु वर्मा महाराजपुर प्रथम आदि मौजूद रहे साथ ही जिला मलेरिया अधिकारी गाजियाबाद द्वारा जनमानस को डेंगू से रोकथाम एवं बचाव हेतु अपना अपना सहयोग प्रदान की अपील की गयी।



# हापुड़ में भाजपा की तिरंगा यात्रा: शौर्य को सलाम के लिए उमड़ा जनसैलाब



**हापुड़।** हापुड़ में आज 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एक विशेष तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित थी। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में यह यात्रा रेलवे पार्क से शुरू हुई। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कश्यप और जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

यात्रा में देशभक्ति गीतों के साथ भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में राम स्वरूप जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र, एनसीसी कैडेट्स और आर्य समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। मार्ग में व्यापारिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। जवानों के साथ पूरा देश एकजुट मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश की रक्षा में लगे जवानों के साथ पूरा भारत एकजुट है। कार्यक्रम में विधायक विजयपाल आढ़ती, हरेंद्र तेवतिया, धर्मेश तोमर समेत जिला महामंत्री पुनीत गोयल, प्रफुल्ल सारस्वत, अशोक शर्मा बंदूक वाले, कपिल रट, अशोक बबली, बॉबी पाठक, सचिन बंसल, सतीश चौधरी, प्रमोद जिन्दल, पवन त्यागी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएचसी में गंदगी देख जताई नाराजगी, आईएएस रितु माहेश्वरी ने हीटवेव को लेकर दिए निर्देश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश की चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव (आईएएस) रितु माहेश्वरी शुक्रवार को जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना में पहुंच गई है हैं।

कार्यक्रम के अनुसार, वह सुबह 10:00 बजे अस्पताल में पहुंची और सबसे पहले ओपीडी का जायजा लिया। इसके बाद वहां कुछ मरीजों से पूछताछ की। दवा वितरण केंद्र के अलावा उन्होंने इमरजेंसी का भी बारीकी से जायजा लिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई ठीक न मिलने पर प्रभारी के प्रति नाराजगी जताई। निर्देश दिए हैं कि हीटवेव को लेकर कड़े इंतजाम किया जाए। उन्होंने हीट वेव वार्ड का भी निरीक्षण किया। इसके बाद तीन बजे तक विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगी।

जिला अस्पताल के साथ नगर स्वास्थ्य केंद्रों का आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण करेंगी। साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक भी लेंगी। पता चला है कि 22 मई को सचिव रितु माहेश्वरी मेरठ मंडल के सभी जिलों के स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वर्चुअल समीक्षा भी करेंगी।

# सफाई कर्मचारियों का वेतन नहीं मिलने पर विरोध

## कोतवाली के सामने कूड़ा बिखेरा नगर पंचायत कार्यालय पर धरना



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को वेतन न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कोतवाली के सामने कूड़ा बिखेर दिया और बाद में नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। नगर पंचायत में काम करने वाले करीब 40 सफाई कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 9 महीने से उन्हें पीएफ भी नहीं मिला है और विभाग की तरफ से दी जाने वाली वर्दी भी नहीं मिली है। मुकेश, रोहित, पप्पू, टीटू समेत कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी, वे काम नहीं करेंगे और धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।



# राजनगर एक्सटेन्शन के निवासियों को धूल से मिलेगी मुक्ति

## सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य अंतिम दौर में मई तक पूर्ण होने की संभावना





**गाजियबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा राजनगर एक्सटेन्शन क्षेत्र में बंधा रोड से चार्म कैंसल से क्लासिक रेजीडेंसी तक सड़क का सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस चकरोड की खराब हालत होने के कारण स्थानीय लोगों को प्रतिदिन आने-जाने में परेशानी, धूल की समस्या व बारिश के कारण जलभराव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

उपाध्यक्ष महोदय के निदेशों के क्रम में इस कार्य की टेन्डर प्रक्रिया मार्च 2024 में शुरू की गई थी। इसके उपरांत नाले का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, और सड़क पर गड्ढों का भराव करते हुए डी.वी.सी. रोड बनाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है, ।इस कार्य के मई 2025 के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है ।इस कार्य पर प्राधिकरण रुपये 218.85 लाख का व्यय कर रहा है। सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जीडीए द्वारा सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य से क्षेत्र के निवासियों को धूल की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन में होने वाली परेशानी से भी निजात मिलेगी। इसके अलावा, सड़क का सुदृढ़ीकरण होने से क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी और निवासियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। जीडीए का यह कार्य क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# लुटेरों ने सराफ कारोबारी की कनपटी पर रखा तंमचा, लाखों के गहने और नकदी लूटकर फरार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** भोजपुर के हापुड़ मार्ग स्थित किल्हौड़ा रजवाहा के समीप बाइक सवार हथियारबंद तीन लुटेरों ने दुकान बंद कर घर लौट रहे सराफ राजीव वर्मा से तमंचे के बल पर लाखों रुपये की कीमत के गहने और नकदी लूट ली। लूट का विरोध करने पर लुटेरों ने राजीव वर्मा की पिटाई कर दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद हापुड़ की न्यू शिवपुरी कॉलोनी के रहने वाल राजीव वर्मा सराफ है। राजीव वर्मा भोजपुर क्षेत्र के गांव त्यौड़ी-7 बिस्वा में दुकान करते है। राजीव वर्मा ने बताया कि बीती रात वह दुकान बंद कर बाइक से अपने घर जा रहे थे।

आरोप है कि जैसे ही वह हापुड़ मार्ग स्थित किल्हौड़ा रजवाहा के समीप पहुंचे तभी बाइक सवार तीन लुटेरों ने उन्हें ओवरटेक कर जबरन उनकी बाइक रोक ली। लुटेरों ने राजीव की कनपटी पर तमंचा तान दिया। लुटेरों ने राजीव को आंतकित करते हुए उनसे बैग लूट लिया। बैग में सोने का कड़ा, कुंडल, अंगूठी और चेन व लाखों रुपए की नकदी थी।

लुटेरों ने सराफ की तिजौरी और बाइक की चाबी भी छीन ली। लूट को अंजाम देने के बाद लुटेरे हथियार हवा में लहराते हुए हापुड़ की तरफ भाग गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# हापुड़ में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई: सड़े फल नष्ट कराए, आइसक्रीम और जूस के लिए सैंपल





**हापुड़।** हापुड़ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के आयुक्त के निर्देश पर हापुड़ में विशेष अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की।

टीम में आरपी गुप्ता, आरपी गंगवार, सोवेन्द्र सिंह पंघाल, पूनम और सहरिश सादात शामिल थे। बुलंदशहर रोड और फ्रीगंज रोड पर टीम ने सड़े-गले फलों को नष्ट करवाया। रामगंज रेलवे रोड स्थित अम्बर आइसक्रीम कारखाने का निरीक्षण किया गया। यहां से आइसक्रीम और आइसकैंडी के नमूने लिए गए। रेलवे रोड पर दिल्ली जूस एंड शेक्स की दुकान में साफ-सफाई ठीक न मिलने पर नोटिस जारी किया गया दुकान से अनार जूस और मैंगो शेक के नमूने लिए गए। चमरी में क्रीम बर्ड आइसक्रीम कारखाने से भी नमूने संग्रहित किए गए।

पिलखुआ के अशोक नगर में ब्लू बर्ड से जलजीरा आइसकैंडी और नईम ट्रेडर्स से आनंदम ब्रांड का दही और गाय के दूध के नमूने लिए गए। बझैडा कला स्थित वकील डेयरी से दूध का नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ड्रग्स तस्करी में 2 बदमाश गिरफ्तार

## बदायूं से टाटा मैजिक में सब्जी में छिपाकर 37 किलो डोडा लाए



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने ड्रग्स के साथ 2 लोगों को अरेस्ट किए हैं। यह ढाबों पर सप्लाई किया जाना था। पूछताछ में दोनों ने बताया सब्जी के बीच छिपाकर लाए, जिससे पुलिस चेकिंग में पकड़ न सके। सवाट टीम नगर जोन व थाना नन्दग्राम पुलिस ने यह गिरफ्तारी की है। टाटा मैजिक में सब्जी के बीच में छिपाया पुलिस ने बताया कि बबलू निवासी शहीद नगर थाना साहिबाबाद को अरेस्ट किया है। दूसरा पकड़ा गया और तस्कर रिंकू निवासी राज मार्केट दिलशाद गार्डन दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस में दोनों के पास से 37 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। इसकी कीमत लाखों रुपये है। पुलिस ने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है कि कहां से यह लाया गया था। और किन-किन स्थानों पर यह सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने टाटा मैजिक को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। इसी टाटा मैजिक में सब्जी के बीच में छुपाया गया था। पकड़े गए रिंकू ने बताया कि इसे हम बदायूं से नरोरा के रास्ते लाए थे।




# अंडर ट्रेनी जाएंगे 30 दिन की ट्रेनिंग पर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हर पुलिसकर्मी का अपना महत्व है। तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की बात की जाए तो तीनों जोन मिलाकर वर्तमान में लगभग सात सौ से अधिक अंडर ट्रेनी टू-स्टार शामिल हैं। हर जोन में बड़ी संख्या में पुलिस के अंडर ट्रेनी टू-स्टार आए थे। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि अंडर ट्रेनी वाले अब दोबारा से ट्रेनिंग के लिए जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह ट्रेनिंग लगभग 30 दिनों की रहने वाली है। जिसमें इनको आगे की वर्किंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। वहीं पता चला है कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 700 से अधिक अंडर ट्रेनी अलग-अलग थानों से लेकर चौकी और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों के साथ ही साइबर सेल व अन्य अपराध नियंत्रण के काम में लगे हुए हैं। उनके आदेश आने से जहां कुछ दिनों के लिए विभिन्न प्रकार के मामलों में रुकावट का ग्राफ देखने को मिल सकता है। तो वहीं बड़ी संख्या में पुलिस बल की कमी भी महसूस होगी। वैसे भी अभी भीषण गर्मी वाला दौर चल रहा हे ऐसे में चोरी व लूटपाट-झपटमारी की वारदातों का ग्राफ अधिक रहता है। ऐसे में बड़ी संख्या में फील्ड ड्यूटी से टू-स्टार अंडर ट्रेनी कम होने का असर साफ नजर आएगा। वहीं सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि लगभग 300 से अधिक अंडर ट्रेनी टू-स्टार ट्रेनिंग पर गए हुए हैं। तो आने वाले कुछ दिनों में कई और टू-स्टार अंडर ट्रेनी बड़ी संख्या में गाजियाबाद से रवाना किए जाएंगे। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन अंडर ट्रेनी के जाने से थाने और चौकी के कई महत्वपूर्ण काम थोड़े स्लो हो जाएंगे, पर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों हर काम को लेकर समय सीमा तय कर दी गई है, उसके चलते प्रभारी का ध्यान रहेगा कि समय रहते सभी काम पर फोकस किया जाए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जिस तरीके से सिटीजन चार्टर प्लान लागू किया गया है, आने वाले दिनों में आम जनता को उसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही तमाम तरीके की वेरीफिकेशन और जांच से लेकर अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी पुलिस को समय सीमा के अंदर करके देने हैं। साथ ही पुलिस के अधिकारी महत्वपूर्ण मामलों में लगातार सीधे पीड़ित से फीडबैक भी प्राप्त कर रहे हैं। जो कहीं ना कहीं पुलिसकर्मियों की वर्किंग और रैंकिंग में सुधार लाने वाला काम होगा।




# दो गांवों में बिजली-पानी की समस्या डीएम ने जन चौपाल में सुनी शिकायतें

## 15 दिन में समाधान का आश्वासन





**हापुड़।** हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकासखंड हापुड़ के ग्राम जसरूप नगर और गोयना में जन चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, पेयजल और सड़कों की खराब स्थिति की समस्याएं रखीं।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से घरेलू काम और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। गांव में हैंडपंप और पाइपलाइन से जल आपूर्ति की व्यवस्था खराब है। पीने के पानी के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। नालियों की सफाई न होने से बरसात में जलभराव की समस्या बनी रहती है। जसरूप नगर को गोयना और दस्तोई रोड से जोड़ने वाली सड़कें टूटी हुई हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। डीएम अभिषेक पांडेय ने बिजली विभाग, जल निगम, नगर पंचायत और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को 15 दिन के भीतर सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

# सोशल मीडिया पर चोरी की बाइक बेचने का नया तरीका

## नोएडा में इंस्टाग्राम रील बनाकर बाइक बेचने वाले दो चोर गिरफ्तार



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के एक नए गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 7 बाइक बरामद की हैं। गुरुवार की देर रात भाटी गोल चक्कर के पास से पकड़े गए आरोपियों की पहचान जारचा निवासी अमन और बुलंदशहर निवासी प्रियांशु राठी के रूप में हुई है। आरोपी दिल्ली, मेरठ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और हरियाणा के विभिन्न जिलों में कंपनियों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की बाइक चुराते थे। चोरी की बाइक बेचने के लिए आरोपी एक अनोखा तरीका अपनाते थे। वे इंस्टाग्राम पर बाइक की रील बनाकर पोस्ट करते थे। इसके बाद ग्राहक उनसे संपर्क करते थे। आरोपी एक बाइक को 8 से 10 हजार रुपये में बेच देते थे। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, दोनों आरोपी पिछले 5 वर्षों से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

मेरठ समेत कई जगहों पर इनके खिलाफ चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद किशोरी से दुष्कर्म

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़ित किशोरी का रिश्तेदार है। किशोरी की मां की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी गिरफ्तार कर लिया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने 13 मई को थाने पर एक शिकायत दी थी। महिला के मुताबिक फरीदाबाद, हरियाणा के जस्सीपुरा निवासी सुमित उनका रिश्तेदार है। आठ मई को वह उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद सुमित उनकी बेटी को वापस घर पर छोड़ गया था। पूछताछ करने पर बेटी ने आरोपी की करतूत बताई, जिसके बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दी। एसीपी का कहना है कि शिकायत के आधार पर सुमित के खिलाफ दुष्कर्म तथा पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया था। इसके बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण तथा मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। एसीपी का कहना है कि शुक्रवार को 22 वर्षीय सुमित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सुमित ने बताया कि वह पीड़ित किशोरी का रिश्तेदार है।

# भूकंप में ढही बैंकॉक की इमारत-बनाने वालों पर शिकंजा
## धांधली के आरोपों के बाद बिल्डर का आत्मसमर्पण



**म्यांमार में इस साल 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के कारण थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक ऊंची इमारत के ढहने के मामले में एक दिग्गज बिल्डर, डिजाइनर और इंजीनियर्स ने शुक्रवार को आपराधिक लापरवाही के आरोप में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है**

**बैंकॉक ।** मामले में बैंकॉक के उप पुलिस प्रमुख नोप्पासिन पूनसावत ने बताया कि भवन परियोजना के मुख्य थाई ठेकेदार, इटालियन-थाई डेवलपमेंट कंपनी के अध्यक्ष प्रेमचाई कर्णसुता, डिजाइनरों और इंजीनियरों समेत 17 लोगों पर पेशेवर लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाया गया है। अब इस हादसे को लेकर पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है, जिसमें 92 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक, जिन लोगों पर आरोप है, उन्होंने पुलिस के सामने जाकर आरोपों से इनकार किया है। इनमें से कई ने पहले भी मीडिया में आरोपों को झूठा बताया था।म्यांमार में भूकंप, थाईलैंड तक असर 28 मार्च को आएर विनाशकारी भूकंप का केंद्र म्यांमार था, लेकिन उसका असर थाईलैंड में भी महसूस हुआ। इस दौरान सिर्फ यही एक इमारत गिरी। इसमें काम कर रहे दर्जनों मजदूर और कर्मचारी मलबे में दब गए, जिसमें कुल 92 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं। फिलहाल डीएनए जांच के जरिए अभी भी शवों की पहचान का काम चल रहा है, लेकिन मलबे से शव निकालने का काम रोक दिया गया है।

बैंकॉक के डिप्टी पुलिस चीफ नोपसिन पूनसावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि विशेषज्ञों की रिपोर्ट के अनुसार बिल्डिंग का डिजाइन और निर्माण तय मानकों पर खरा नहीं उतरा। पुलिस जांच में सामने आया कि, लिफ्ट शाफ्ट की संरचना में गंभीर खामी थी। सीमेंट और स्टील घटिया क्वालिटी के थे। बिल्डिंग की डिजाइन को लेकर दस्तावेजों में अनियमितताएं थीं। थाई मीडिया भी इस हादसे की रिपोर्टिंग लगातार कर रहा है और कई घोटालों की बात सामने आई है। चीनी कंपनी की भूमिका पर सवाल इस प्रोजेक्ट में थाई कंपनी इटालियन-थाई ने एक चीनी कंपनी चाइना रेलवे नंबर 10 के साथ साझेदारी की थी। जांच में सामने आया है कि इस चीनी कंपनी ने थाई व्यापारिक कानून का उल्लंघन किया। झांग चुआनलिंग नाम के अधिकारी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उस पर आरोप है कि उसने अवैध रूप से थाई नागरिकों के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर चीन की कंपनी को नियंत्रित किया। इस आरोप में तीन और थाई अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया है। **पहले भी विवादों में रह चुके हैं प्रेमचाई :** यह पहला मौका नहीं है जब प्रेमचाई कानून के शिकंजे में फंसे हैं। 2019 में उन्हें जंगल में शिकार के मामले में दोषी पाया गया था।

# अमेरिका में मेंढक भ्रूण तस्करी: रूस की महिला वैज्ञानिक पर गंभीर आरोप, 20 साल की जेल



**मोनरो ।** रूसी मूल की वैज्ञानिक और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता केसेनिया पेट्रोवा पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण की तस्करी करने का आरोप लगा है। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को अदालत से अपील की कि पेट्रोवा को लुइसियाना के हिरासत केंद्र से वापस मैसाचुसेट्स लाया जाए, जहां तीन महीने पहले उन पर केस दर्ज हुआ था।

30 वर्षीय पेट्रोवा को पहले से ही निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा बुधवार को पेट्रोवा की रिहाई पर सुनवाई की गई, जिसके बाद उन पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण के नमूने तस्करी से लाने का आरोप लगाया गया। लुइसियाना के न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान आरोपों पर विचार किया। पेट्रोवा के वकील ने मैसाचुसेट्स में स्थानांतरण की अपील की पेट्रोवा के वकील ग्रेगरी रोमानोव्स्की ने कहा कि हमने पेट्रोवा के मैसाचुसेट्स में स्थानांतरण का अनुरोध किया है, जहां शिकायत दर्ज की गई थी। हमें उम्मीद है कि संघीय अधिकारी अगले कुछ सप्ताह में पेट्रोवा को मैसाचुसेट्स स्थानांतरित कर देंगे। बता दें कि अगर पेट्रोवा को दोषी ठहराया जाता है, तो उन्हें 20 साल की जेल और 250,000 डॉलर (लगभग 2.13 करोड़ रुपये) तक का जुमार्ना हो सकता है। बोस्टन हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने की पूछताछ पेट्रोवा फ्रांस में छुट्टियां मना रही थीं। वह वहां मेंढक भ्रूण के अति सूक्ष्म भागों को जोड़ने में विशेषज्ञता वाली एक प्रयोगशाला में रुकीं। इस दौरान पेट्रोवा ने शोध के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मेंढक भ्रूण के नमूने लिए। जब वह अमेरिका के बोस्टन लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं, तो यूएस सीमा शुल्क के अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया और नमूनों के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के बाद अधिकारियों ने रद्द किया वीजा पेट्रोवा ने पिछले महीने दिए एक साक्षात्कार में बताया कि उन्हें नहीं पता था।

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान
## 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में औपचारिक रूप से भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया। न्यूयॉर्क स्टेट सीनेटर जेरेमी कूनी ने यह प्रस्ताव पेश किया। जेरेमी कूनी वर्तमान में न्यूयॉर्क स्टेट सीनेट में सेवारत भारतीय मूल के एकमात्र सदस्य हैं। कूनी के प्रस्ताव को बुधवार को एक समारोह में पारित किया गया। इस कार्यक्रम में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय प्रधान के साथ-साथ न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग भी शामिल हुए। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए भारतीय संविधान का जश्न' जेरेमी कूनी ने कहा, 'मैं भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, यह भारतीय स्वतंत्रता और उन कई बहादुर भारतीयों का जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने अपने देशवासियों की भलाई के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी।' जेरेमी कूपर ने कहा कि 'यह दिन सिर्फ.भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए। पूरी दुनिया में भारतीय अपने समुदायों में स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं। यह हमारे साझा इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाने और उस पर विचार करने के लिए एक साथ आने का अवसर है।' पूर्व में, भारतीय स्वतंत्रता, गणतंत्र दिवस, प्रमुख त्योहारों और अन्य अवसरों के पर कई प्रस्ताव पेश किए गए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि भारतीय संविधान की स्मृति में कोई प्रस्ताव अमेरिका में किसी विधायी निकाय में पेश किया गया और अपनाया गया है।

कूनी ने भारत के कोलकाता में एक अनाथालय से गोद लिए जाने और न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में एक अकेली मां द्वारा पाले जाने से लेकर अपनी यात्रा के बारे में भी बताया। कूनी ने कहा कि 'यह वर्षगांठ मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भी विशेष महत्व रखती है। जैसा कि सीनेट में मेरे कई सहकर्मी जानते हैं, मुझे कलकत्ता के एक अनाथालय से गोद लिया गया था और अपने पूरे जीवन में, मैंने भारत और अपने समुदाय में भारतीयों के साथ एक मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए बहुत मेहनत की है। वह संबंध आज भी जारी है।

# रूस लड़ाई को खत्म ही नहीं करना चाहता, तुर्किये में शांति वार्ता से पहले जेलेंस्की का पुतिन पर आरोप



**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को रूस पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि वे लड़ाई खत्म ही नहीं करना चाहते। जेलेंस्की ने तुर्किये में आज होने वाली शांति वार्ता से पहले रूस पर ये आरोप लगाए। तुर्किये के इस्तांबुल में आज रूस-यूक्रेन युद्ध में 30 दिनों के लिए संघर्षविराम पर बातचीत होनी है। इस बातचीत में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल, रूस का प्रतिनिधिमंडल और बतौर मध्यस्थ अमेरिका विदेश मंत्री और उनका प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहेगा।

**जेलेंस्की ने रूस के प्रतिनिधिमंडल पर उठाए सवाल** जेलेंस्की ने इस बैठक से पहले रूस के प्रतिनिधिमंडल पर सवाल उठाए। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा कि मैं तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और उनकी टीम, साथ ही तुर्किये के सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया। राष्ट्रपति एर्दोगन ने भरोसा दिलाया है कि वे बैठक के दौरान यूक्रेन का समर्थन करेंगे और क्रीमिया को यूक्रेनी इलाके के तौर पर मान्यता दिलाने की कोशिश करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि 'हमारे प्रतिनिधिमंडल से ही इस बैठक को लेकर हमारी गंभीरता का पता चलता है। हमारे प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री, राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख, रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और यूक्रेनी सेना और खुफिया विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।' जेलेंस्की ने रूस के प्रतिनिधिमंडल में शीर्ष नेताओं और अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जताई और लिखा कि 'तुर्किये ने हमारे प्रतिनिधिमंडल के बराबर का प्रतिनिधिमंडल भेजकर हमारा स्वागत किया, लेकिन दुर्भाग्य से रूस के प्रतिनिधिमंडल से साफ है कि वे बातचीत को लेकर गंभीर नहीं हैं।'

### 'पुतिन लड़ाई रोकना ही नहीं चाहते'

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि 'रूस द्वारा बेहद निचले स्तर का प्रतिनिधिमंडल भेजा है, लेकिन हम तुर्किये के राष्ट्रपति और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सम्मान में इस बातचीत में शामिल होंगे, ताकि युद्धविराम हो और ये लड़ाई खत्म हो।' हालांकि उन्होंने कहा कि रूस के प्रतिनिधिमंडल को देखते हुए उनकी सेना के प्रमुख और कुछ अन्य अधिकारी इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।

# जीरो टैरिफ के दावे पर जयशंकर का ट्रंप को जवाब- नुकसान नहीं सहेंगे



**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर कि भारत ने उन्हें शून्य टैरिफ का ऑफर दिया है, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा, भारत-अमेरिका में व्यापार वार्ता अभी चल ही रही है। कोई भी डील दोनों देशों के लिए फायदेमंद होनी चाहिए। ऐसा नहीं हो सकता कि व्यापार से एक देश को फायदा हो और दूसरे को नुकसान। जयशंकर ने कहा, जब तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता नतीजे पर नहीं पहुंच जाती, तब तक इस बारे में कुछ भी कहना या राय देना जल्दबाजी होगी। अभी कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है। जयशंकर ने कहा, इस डील पर अभी से कोई राय बनाना ठीक नहीं है। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता कर रही टीम इस पर काम कर रही है। ये चर्चा थोड़ी मुश्किल है। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक साफ तौर पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता है। बता दें कि ट्रंप ने कतर में कहा था कि भारत की तरफ से उन्हें व्यापार पर शून्य टैरिफ की पेशकश की गई है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर यह बात की। 30 अप्रैल को मिशिगन में ट्रंप ने कहा था, भारत के साथ टैरिफ पर बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। मुझे लगता है कि जल्द ही कोई डील हो जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच कई महीनों से बातचीत चल रही है।


# पाकिस्तान में बलोच नागरिकों के मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन



**लंदन ।** बलोच पैरोकारी व अध्ययन केंद्र (बीएएससी) की अध्यक्ष फरीबा बलोच ने ईरान, पाकिस्तान और उसके बाहर बलोच मानवाधिकारों की रक्षा के लिए मिशन की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने पाकिस्तान में बलोचों द्वारा झेले जा रहे भयानक मानवाधिकार हालात पर प्रकाश डालते हुए कहा, वे न्यायेतर हत्याओं और जबरन गायब करने से लेकर फांसी और व्यवस्थित भेदभाव तक, बुनियादी अधिकारों और अवसरों से भी वंचित हैं। व्यापक दमन ने हजारों बलोचों को उनकी मातृभूमि से भागने पर मजबूर किया है।

फरीबा बलोच ने जोर दिया कि उनका समुदाय विदेशों में कमजोरियों और कठिनाइयों के साथ शरणार्थी बनने को मजबूर हो गया है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में बलोचों के साथ प्रभावित क्षेत्रों तक सीमित पहुंच, सुरक्षा जोखिम और राजनीतिक दमन शामिल हैं। बीएएससी इन उल्लंघनों का दस्तावेजीकरण करने और अंतरराष्ट्रीय जागरूकता व कार्रवाई की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध है। फरीबा ने कहा, हम बलोच अधिकारों के लिए काम करने वाले व्यक्तियों और संगठनों दोनों को साथ जोड़ने के लिए तैयार हैं। बलोच वकालत और अध्ययन केंद्र एक शोध और वकालत संगठन है जो ईरान, पाकिस्तान और पूरे प्रवासी समुदाय में बलोच समुदायों के मानवाधिकारों पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार बलोच समुदाय पर सरकारी उत्पीड़न बढ़ा रहा है।

# इस्राइल ने लगातार तीसरे दिन गाजा पर किया घातक हवाई हमला, 20 लोगों की गई जान, कई घायल



**गाजा ।** इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच शुक्रवार सुबह एक बार फिर इस्राइल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। इस हवाई हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। साथ ही कई अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वहां उपस्थिति पत्रकार ने इंडोनेशियन अस्पताल में 20 शवों को गिनने की पुष्टि की। वहीं दूसरी ओर घायलों और बचावकर्मियों ने बताया कि कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

बता दें कि इस्राइल इन दिनों लगातार गाजा पर हमला कर रहा है। ये हमले ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड इन दिनों मिडिल ईस्ट के दौरे पर थे। साथ ही उन्होंने लगातार से इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम कराने के कई अहम प्रयास भी किए हैं।]

### अमेरिका समर्थित नई मानवीय संस्था की घोषणा

हालांकि दूसरी ओर इसी सप्ताह एक नई अमेरिकी समर्थित संस्था 'गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन' ने घोषणा की है कि वह महीने के अंत तक गाजा में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर सकती है। इसमें अमेरिकी सैन्य दिग्गज, सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व राहत समन्वयक शामिल होंगे।

### लगातार तीसरे दिन घातक हवाई हमला

ध्यान रहे कि इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच ये लगातार तीसरा दिन है जब इस्राइल ने गाजा पर घातक हवाई हमला किया है। इससे पहले गुरुवार को इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर हवाई हमला किया था, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए। बात अगर बुधवार की करें तो बुधवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हुई थी।

# माउंट एवरेस्ट से उतरते समय भारतीय पर्वतारोही की मौत, ऊंचाई संबंधी बीमारी से जान जाने का दावा



**काठमांडू ।** एक 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही की दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट से उतरते समय मौत हो गई। दावा किया जा रहा है कि ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या होने पर भारतीय पर्वतारोही की जान गई। मृतक भारतीय पर्वतारोही की पहचान सुब्रत घोष के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इस सीजन में माउंट एवरेस्ट पर मरने वाले सुब्रत घोष दूसरे विदेशी पर्वतारोही हैं।

### गाइड सुब्रत को छोड़कर बेस कैंप लौटा

नेपाली मीडिया ने ट्रैकिंग कराने वाली एजेंसी के एमडी बोधराज भंडारी के हवाले से बताया कि सुब्रत घोष की जान माउंट एवरेस्ट की चोटी से ठीक नीचे हिलेरी स्टेप पर हुई। भंडारी ने बताया कि सुब्रत अपने गाइड के साथ दोपहर करीब दो बजे माउंट एवरेस्ट पहुंचे थे। वहां से उतरने के दौरान उन्हें बेहद थकान हुई और ऊंचाई से होने वाली बीमारी के लक्षण दिखाई दिए। भंडारी ने सुब्रत को ले जाने वाले गाइड चंपाल तमांग के हवाले से बताया कि सुब्रत ने आगे बढ़ने से इनकार कर दिया। सुब्रत के इनकार के बाद गाइड चंपाल देर रात तक कैंप-4 पर वापस लौट आया और सुबह घटना के बारे में जानकारी दी।

### इस सत्र में दो विदेशी पर्वतारोहियों की हुई मौत

भंडारी ने बताया कि अब सुब्रत के शव को वापस लाने की तैयारी हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घोष पर्वतारोही संगठन, कृष्णानगर-स्नो एवरेस्ट एक्सपीडिशन 2025 का हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि बीती 14 मई को फिलीपींस के पर्वतारोही 45 वर्षीय फिलिप-2 सेंटियागो की भी एवरेस्ट पर चढ़ाई की तैयारी करते हुए मौत हो गई थी। अब तक इस सीजन में 50 से ज्यादा पर्वतारोही सफलतापूर्वक एवरेस्ट की चढ़ाई कर चुके हैं। 450 से ज्यादा पर्वतारोहियों को चढ़ाई शुरू करने की मंजूरी दी जा चुकी है।

# ट्रंप का पश्चिम एशिया दौरा पूरा, कई नेताओं से मिले, धार्मिक स्थल पर भी गए अमेरिकी राष्ट्रपति



**यह धार्मिक स्थल एकता और सहिष्णुता का प्रतीक है, जहां एक साथ एक मस्जिद, एक चर्च और एक सिनेगॉग (यहूदी उपासना स्थल) मौजूद हैं। इसे 'अब्राहम अकॉर्ड्स' के तहत बनाया गया था**

**अबू धामी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पश्चिम एशिया दौरे का समापन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में किया। अपने दौरे के आखिरी दिन ट्रंप ने एक कारोबारी सम्मेलन में हिस्सा लिया और उसके बाद एक विशेष धार्मिक स्थल - अब्राहमिक फैमिली हाउस का दौरा किया।

### अब्राहमिक फैमिली हाउस की खासियत

जो एक ऐतिहासिक समझौता है। इसके तहत यूएई और कुछ अन्य अरब देशों ने इस्राइल को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह तीन प्रमुख धर्मों – इस्लाम, ईसाई धर्म और यहूदी धर्म – को जोड़ने वाला एक प्रतीक स्थल है।

कारोबारी सम्मेलन में हिस्सा अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने अबू धाबी में शुक्रवार सुबह एक व्यापारिक बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने यूएई के व्यापार जगत के प्रमुख लोगों से मुलाकात की। इस दौरान व्यापार और निवेश से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। एतिहाद एयरवेज का बड़ा ऐलानवहीं ट्रंप की मौजूदगी के दौरान अबू धाबी की सरकारी एयरलाइन एतिहाद एयरवेज ने घोषणा की कि वह 28 बोइंग विमान खरीदेगी। इनमें बोइंग 787 और 777 मॉडल के विमान शामिल हैं। यह सभी विमान जीई इंजन से लैस होंगे और इनके साथ एक सेवाओं से जुड़ा पैकेज भी मिलेगा। हालांकि बोइंग कंपनी की ओर से अभी तक इस सौदे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस सौदे को अमेरिका और यूएई के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों का संकेत माना जा रहा है। ट्रंप इससे पहले सऊदी अरब और कतर भी गए थे, जहां कतर ने अपनी एयरलाइन कतर एयरवेज के लिए बोइंग विमानों का एक बड़ा ऑर्डर दिया।

ट्रंप दौरे के दौरान बढ़ा तनाव डोनाल्ड ट्रंप के इस दौरे के दौरान वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में हिंसा की घटनाएं भी हुईं। गाजा में 120 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। हालांकि ट्रंप की ओर से इस पर कोई सीधी प्रतिक्रिया नहीं आई। ट्रंप का यह दौरा मध्य पूर्व में अमेरिका के पुराने संबंधों को मजबूत करने और व्यापार को बढ़ावा देने की एक कोशिश माना जा रहा है।

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में ऑल इंडिया सेकेंड टॉपर

# भाविका अरोड़ा को पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने दी बधाई



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की होनहार छात्रा भाविका अरोड़ा ने 10वीं कक्षा में 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया सेकेंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।

इस शानदार उपलब्धि के लिए भाविका ने शुक्रवार को पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. अनिल अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल अग्रवाल ने भाविका को शुभकामनाएं देते हुए कहा, तुमने अपने मेहनत और लगन से पूरे देश में गाजियाबाद का नाम रोशन किया है। मुझे विश्वास है कि बारहवीं में भी इसी तरह का प्रदर्शन कर अपने माता-पिता और शहर को प्राउड फील कराओगी। याद रखो - जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है।

डॉ. अनिल अग्रवाल ने भाविका के पिता संदीप अरोड़ा को भी बेटी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि बेटी की सफलता में माता-पिता की मेहनत और संस्कारों की बड़ी भूमिका होती है, और आज आप दोनों वाकई गर्व के अधिकारी हैं। इस मुलाकात में भाविका के पिता संदीप अरोड़ा भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## भारत की बेटी सोफिया कुरैशी के बारे में विवादित बयान पर बीजेपी करे कार्यवाही : वीर सिंह जाटव





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी दीपक मीणा को ज्ञापन सौंपा। महामहीम राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन में भारत की बेटी सोफिया कुरैशी के बारे में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा प्रयोग की गई अमर्यादित भाषा करने के सम्बन्ध में आपत्ति की गई है।

ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि यह टिप्पणी भारत की सेना महिला करनल के साथ साथ भारत की संपूर्ण सेनाओं का और हिंदुस्तान की सभी बहू बेटियों का भी अपमान है। आतंकियों की बहन जैसे शब्द का प्रयोग एक करनल के लिए जिसकी पीढ़ियां भी भारतीय फौज में 140 साल से अपना वलिदान देती रही है उसके तहत भाजपा सरकार को तत्काल प्रभाव से केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद बर्खास्त कर उन पर कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजना चाहिए और उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। हिंदुस्तान की जनता पूरे देश में बीजेपी के मंत्री विजय शाह का विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक इनको बीजेपी बर्खास्त नहीं करेगी जब तक यह आंदोलन इसी तरीके से चलता रहेगा।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, प्रदेश महासचिव डॉक्टर संजीव शर्मा, प्रदेश महासचिव और पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, प्रवक्ता अजय वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी एडवोकेट, कमलेश कुमारी पूर्व महिला जिला अध्यक्ष पूजा मेहता सविता गौतम आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी, एडवोकेट चंद्र, सूर्यकांत ऐस सी जिला अध्यक्ष, आशीष प्रेमी, एस सी महानगर अध्यक्ष, नसीम खान प्रदेश सचिव, वरिष्ठ बाबूराम शर्मा, मोहम्मद शाहिद एडवोकेट खुशबू प्रधान, मोहम्मद ईश्वर इरफान, राकेश पाल, राजीव चित्तौड़िया, रिंकू माथुर, रामप्रकाश कश्यप, मल्लू पंडित, विकास शर्मा, विक्रांत चौधरी, आसिफ सैफी, महेंद्र गौतम, विक्रांत, आदित्य सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में आवेदन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांग होने की स्थिति में उनके परिवार को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संचालित की गई है। यह योजना उत्तर प्रदेश के निवासी ऐसे कृषकों के लिए है, जो दुर्घटनावश मृत/दिव्यांग हो जाते हैं।

योजना का लाभ लेने हेतु कृषक की मृत्यु/दिव्यांगता की तिथि को उसकी आयु 18 से 70 वर्ष तक हो। इस योजना के अन्तर्गत आग लगने, बाढ़, बिजली गिरने, करन्ट लगने, सॉप के काटने, जीव-जन्तु /जानवर द्वारा काटने/ मारने / आक्रमण से, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने, आंधी-तूफान, वृक्ष से गिरने/दबने, मकान गिरने, रेल/रोड/वायुयान/अन्य वाहन आदि से दुर्घटना, भू- स्खलन, भूकंप, गैस रिसाव, विस्फोट, सीवर चैम्बर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता होती है, तो कृषक/विधिक वारिस / वारिसों को आर्थिक सहायता अनुमन्य होगी। इस योजना के अन्तर्गत कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में अधिकतम रू0 5,00,000/- (रुपए पांच लाख मात्र) की सहायता राशि नियमों के अन्तर्गत देय होगी, जो कि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। कृषक/विधिक वारिस / वारिसों को योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ यथा वांछित साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अवधि में कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु अथवा दिव्यांगता होने के डेढ़ माह (45 दिन) की अवधि में सम्बन्धित तहसील कार्यालय में जमा करना होगा। इस आवेदन को बोर्ड ऑफ रेवेनुए राजस्व परिषद की वेबसाइट https://bor.up.nic.in से ऑनलाइन भी किया जा सकता है।

# मानसून से पहले नालों की सफाई को निगम ने दी रफ्तार

# नगर आयुक्त ने सिटी तथा कवि नगर जोन में किया औचक निरीक्षण

## नगर आयुक्त ने बड़े नालों की सफाई को बनाया टारगेट, स्वास्थ्य विभाग को क्यूआरटी बनाने के दिये निर्देश







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर भ्रमण के दौरान नालों की सफाई व्यवस्था को देखा गया। जिसमें सिटी तथा कवि नगर जोन अंतर्गत चल रहे नालों की सफाई के कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। कवि नगर जोन अंतर्गत एएलटी से होते हुए हापुड चुंगी और डायमंड फ्लाई ओवर तथा विवेकानंद नगर तक के नाले की सफाई का जायजा लिया गया। इस नाले की लंबाई लगभग 5 किलोमीटर है। इसकी सफाई लगभग 10 भागों में चल रही है। इसी क्रम में सिटी जोन अंतर्गत प्रताप विहार से होते हुए साइं उपवन तक इको पार्क वाले नाले का जायजा लिया गया जिसकी लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर है। दोनों स्थानों पर उपकरणों के माध्यम से सफाई का कार्य होते हुए मिला। निरीक्षण के दौरान मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा क्षेत्रीय एस एफ आई कवि नगर से हिमांशु तथा सिटी जोन से नरेश भी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने वार्ड 93 केला भट्टा रेलवे लाइन इको पार्क के पास पहुंचकर जनप्रतिनिधि आरिफ मलिक के साथ चल रहे नाले की सफाई का भी जायजा लिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा अन्य टीम को सबसे पहले बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त द्वारा मानसून से पहले नालों की सफाई हेतु विशेष टीम क्विक रिस्पांस टीम बनाने के निर्देश भी दिए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशानुसार मानसून से पहले तेजी से नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है जिसमें बड़े नालों को टारगेट बनाया गया है।

इन नालों की सफाई व्यवस्था का लगातार जनप्रतिनिधियों के साथ जायजा लिया जा रहा है। सिटी जोन का नाला जो की प्रताप विहार से साइन उपवन तक है, की सफाई चल रही है। इसका लाभ वार्ड संख्या 92 वार्ड संख्या 93, वार्ड संख्या 95, वार्ड संख्या 59, वार्ड संख्या 12 को मिलेगा। केला भट्टा, इस्लामनगर, जस्सीपुरा, गौशाला फाटक सभी क्षेत्र से जुड़े हुए नालों से जल निकासी सरल रहेगी। कवि नगर क्षेत्र अंतर्गत हापुर चुंगी, डायमंड पुल से होते हुए विवेकानंद नगर का नाला साफ किया जा रहा है जिससे जुड़े हुए सभी नालों के माध्यम से जल निकासी सरल बनी रहेगी। मानसून से पहले गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है।

# वसुंधरा मंडल के गठन को लेकर प्रवासी अजय शर्मा के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के आवास पर वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा मंडल गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। मुख्य रूप से वसुंधरा मंडल प्रवासी अजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमे मंडल अध्यक्ष के साथ संगठन विस्तार को लेकर विचार-विमर्श किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य मंडल में नवगठित कमेटियों के गठन को लेकर दिशा-निर्देश तय करना और सक्रिय कार्यकताओं को उचित स्थान प्रदान करना था। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि कमेटियों का गठन आपसी संवाद और संतुलन के आधार पर किया जाए। अजय शर्मा ने कहा कि ह्लभाजपा का संगठन सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है। यह पार्टी किसी व्यक्ति या परिवार विशेष की नहीं है, बल्कि हर वर्ग और समाज के लिए है ह्व उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक मंडल में समितियों का गठन किया जाना है। संगठनात्मक कार्य में निष्पक्षता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जा रही है।

संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो पूरी तरह कार्यकर्ता आधारित है। नवगठित कमेटियों में अगर किसी भी कार्यकर्ता को कोई आपत्ति होती है तो उसकी सूचना प्रांतीय नेतृत्व को दी जाएगी और उचित निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर महानगर मंत्री संजीव झा, पार्षदों में सत्येंद्र चौधरी, नरेश भाटी, गौरव सोलंकी, नीलम भारद्वाज, राजकुमार भाटी, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी, राजीव शर्मा, अजीत सिंह, कांति त्यागी, अभिषेक पंडित, प्रमोद चौधरी राखी गर्ग, एसपी सिंह तोमर, धर्मेंद्र ठाकुर हरमेल सिंह मदन बिष्ट निशांत त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पार्षद कुसुम गोयल ने किया राम चौक का अनावरण




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित जयपुरिया चौराहे का नाम समाजसेवी पवन गुप्ता के सहयोग से राम चौक रखा गया। इसका अनावरण पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से मनीष जैन, राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, विनय महेश्वरी, मनीष मरोडिया, जुगल, राहुल गौड, नवल चौधरी, जसपाल सिंह, रवि, रविंदर, नागेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## त्रिशताब्दी स्मृति अभियान






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में इन दिनों लगातार आयाम चल रहे हैं। मेरठ में भाजपा कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित जिला बैठक को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने संबोधित किया।

## आन्या अग्रवाल


पुत्री : सुविधा एवं पराग अग्रवाल

99.2 प्रतिशत

कक्षा -10 सीबीएसई बोर्ड



करंट क्राइम



CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
Secondary School Examination (Class X) 2025

Roll No: 17145548
Candidate Name: AANYA AGRAWAL
Mother's Name: SUVIDHA AGRAWAL
Father's Name: PARAG AGRAWAL
Date of Birth: 30/09/2009
School's Name: HERITAGE XPERIENTIAL LEARNING SCH GURGAON HARYA

| SUB CODE | SUB NAME | THEORY | I.A / PRACTICAL | TOTAL | POSITIONAL GRADE |
|---|---|---|---|---|---|
| 184 | ENGLISH LNG & LIT | 079 | 020 | 099 | A1 |
| 018 | FRENCH | 080 | 020 | 100 | A1 |
| 041 | MATHEMATICS STANDARD | 080 | 020 | 100 | A1 |
| 086 | SCIENCE | 078 | 020 | 098 | A1 |
| 087 | SOCIAL SCIENCE | 079 | 020 | 099 | A1 |

Result : PASS

Check Another Result

## प्रगन्या कौशिक

95 प्रतिशत

कक्षा -12

स्कूल:-डीपीएसजी



करंट क्राइम

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने दो पार्कों में पंप लगाने के कार्य का किया शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के सेक्टर-5 में 500 नंबर व 650 नंबर दोनों पार्कों में पार्षद सतेंदर चौधरी ने पंप लगाने के कार्य का शुभारंभ नारियल तोड़कर का किया गया। पार्क में कई माह से पंप खराब पड़ा था, जिस कारण पेड़-पौधे सूख रहे थे। घास भी पूरी तरह से गायब हो गई थी और दिन भर धूल उड़ती रहती थी। लोगों ने इस मामले में पार्षद को लगाकर शिकायत कर इस मुद्दे को उठाया था। क्षेत्रीय पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि वार्ड के दो पार्कों का समरसेबल फेल हो गया था, उनके स्थान पर पंप लगाने का काम शुरू हो गया है। उम्मीद है कि जल्द पंप से पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी, जिससे पार्क में सिंचाई हो सकेगी और दोबारा हरियाली लौटेगी। उन्होंने बताया कि पांच पार्कों में और पंप का कार्य चल रहा है। पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि वार्ड 54 में कुल 84 पार्क हैं। मेरा प्रयास यही है कि हर पार्क पंप लगाया जाए, जिससे पार्कों की हरियाली बनी रहे। इस मौके पर विनोद डिम्बरी, तरूण कांत त्यागी, अरविन्द, संतोष पांडे, संजीव, सुधांशु भार्गव, कामनी त्यागी, सीमा सिंह, सुमन पांडे, प्रतिमा, वर्षा भार्गव, सुनीता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों में भी पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। क्षेत्र में होने वाले हर कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति रहती है। क्षेत्र के लोगों की हर खुशी और गमी में वह जरूर जाते हैं ' पिलखुवा के सतीश चंद्र शर्मा की माता स्वर्गीय अंगूरी देवी की शोक सभा में विभु बंसल पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय अंगूरी देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए ' इस दौरान पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्टर ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा ने मास्टर जितेंद्र सेन के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जन्मदिन की इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। जन्म दिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्टर ऑफ द डे